तापमान
अधिकतम 42.6 डिग्री
न्यूनतम 30.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 10 जून 2026

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



शनिचरी बाजार के सड़क के किनारे एक बार फिर फर्नीचर दुकानवालों का कब्जा हो गया है।


## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.

## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक आज

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा की मासिक बैठक 10 जून बुधवार को शाम 5 बजे बृहस्पति बाजार गार्डन में होगी। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष एसके गोयल ने बताया कि बैठक में जिला कार्यकारिणी गठन एवं मासिक बैठक के लिए एक भवन/कमरा उपलब्धता के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा होगी। इसके लिए उन्होंने सभी साथियों से इस बैठक में निर्धारित समय पर शामिल होने का अनुरोध किया है।

### मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन आज

**बिलासपुर**। केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ते के साथ 6 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं संबद्ध संगठनों के द्वारा 10 जून को भोजनावकाश में मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर बिलासपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा अध्यक्ष किशोर शर्मा ने सभी संघों के पदाधिकारी एवं सदस्यों से दोपहर 1:30 बजे पुराने कंपोजिट बिल्डिंग आदिवासी विकास विभाग के सामने उपस्थित होने की अपील की गई है। इस संबंध में आवश्यक विचार विमर्श करने संघ के पदाधिकारी की आज कर्मचारी भवन बिलासपुर में बैठक आयोजित की गई।

### संविदा पदों पर भर्ती के लिए कौशल परीक्षा 15 को

**बिलासपुर**। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों फिजियोथेरेपिस्ट, डेंटल असिस्टेंट-एनओएचपी, फीडिंग डिमांसट्रेटर-एनआरसी, एमपीडब्ल्यू-यूएएम, सेक्रेट्रियल असिस्टेंट-आईडीएसपी, एनपीसीबी की भर्ती के लिए कौशल परीक्षा का आयोजन 15 जून को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। कौशल परीक्षा के लिए शासकीय आईटीआई कोनी एवं शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल राजेन्द्र नगर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे तक अपने मूल दस्तावेजों के साथ परीक्षा स्थल पर उपस्थित होना होगा। कौशल परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची कार्यालय सूचना पटल एवं जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



## 13 घंटे सूरज की दस्तक, रात में भी नहीं मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के कई जिलों में राहत की बारिश हो रही है, लेकिन बिलासपुर जिला अछूता है। यहां सुबह से शाम तक करीब 13 घंटे तक सूरज की दस्तक है, जिसके चलते गर्मी अपने चरम पर पहुंच चुकी है। जहां अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं रात में 31 डिग्री तापमान है, ऐसे में दिन के साथ ही रात में भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।





भीषण गर्मी और उमस के चलते एसी व कूलर की हवाएं काम नहीं कर रही है, कुछ ही देर में चिपचिपी गर्मी से लोगों का सामना हो रहा है। तेज धूप के कारण लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो चुका है। वहीं प्रदेश के दक्षिण क्षेत्रों में प्री मानसून हवाएं हल्की बारिश करा चुकी है, लेकिन उत्तरीय क्षेत्र अभी भी बारिश के लिए तरस रहा है, हालांकि मौसम विभाग द्वारा रोजाना बिलासपुर और इसके आसपास के जिलों के लिए अलर्ट जारी किया जा रहा है, जिसमें 30 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने का अलर्ट दिया गया है।

मौसम जानकारों के अनुसार आने वाले 4 दिन इसी तरह के हालात रह सकते है, इसके बाद ही प्री मौसम हवाओं का प्रवेश प्रदेश के दूसरे हिस्से से होगा और बारिश की संभावना बन सकेगी।

## मरम्मत के लिए घंटों बंद रही बिजली, उबलते रहे लोग

**बिलासपुर**। शहर की बिजली व्यवस्था दिनोंदिन बदहाल हो रही है, मंगलवार को तिलकनगर, मसानगंज, टिकरापारा, विद्या नगर में एक बार फिर बिजली व्यवस्था चौपट रही, यहां घंटों बिजली बंद रहने के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी में उबलना पड़ा।

मसानगंज में ट्रांसफार्मर की खराबी के कारण सिविल लाइन, महिला थाना और यातायात थाना के आसपास की बिजली दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक बंद रही, गर्मी के मारे उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो गया। महिला थाना में आई फरियादियों में से एक महिला गर्मी के चलते चक्कर खा कर गिर गई, जिससे आसपास के लोगों ने बचाया और उसपर पानी छिड़क कर होश में लाया गया है।





इसी प्रकार विद्या नगर और तिलकनगर में भी सुबह से ही बिजली परेशान करती रही और कई घरों में पीने का पानी नहीं पहुंचा, इस दौरान तिलक नगर हनुमान मंदिर, महंती स्कूल और बाजपेई ग्राउंड के आसपास नया केबल लगाया गया है, जिसके कारण शटडाउन किया गया, सुबह 11 व शाम 4 बजे के बीच में कई बार बिजली आती व जाती रही। जिसके चलते लोगों को गर्मी के सितम सहने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### निर्माण प्रारंभ होने बारिश के चार महीने करना होगा इंतजार

## 275 करोड़ रुपए की लागत वाली 28 सड़कों के निर्माण पर बारिश का ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोक निर्माण विभाग को 448 करोड़ रूपए की लागत से 46 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली थी। इसके अंतर्गत अब तक केवल 8 सड़कों का ही निर्माण पूर्ण हो सका है, जबकि 10 सड़कें निर्माणाधीन हैं। 28 सड़कें ऐसी हैं, जो अप्रारंभ हैं। इन सड़कों की अनुमानित लागत 275 करोड़ बताई गई हैं। इन सभी सड़कों का निर्माण अब बारिश से प्रभावित हो जाएगा, जिसके प्रारंभ होने के लिए चार महीने बाद बारिश समाप्ति तक का इंतजार करना होगा।

लोक निर्माण विभाग को मिली 46 सड़कों की स्वीकृति में से 28 सड़कों का निर्माण बारिश की वजह से बाधित हो जाएगा। जिन सड़कों का निर्माण अब तक प्रारंभ नहीं किया जा सका है, वे अब बारिश के बाद ही प्रारंभ की जाएंगी। बाधित 28 सड़कों में 7 सड़कें तो ऐसी हैं, जिनका टेंडर हो चुका है, लेकिन अप्रारंभ होने के कारण बारिश से ये सड़कें फंस जाएंगी। इसी तरह 21 सड़कों के लिए अभी टेंडर की प्रक्रिया ही पूरी नहीं की जा सकी है।

बारिश से बाधित होने वाली महत्वपूर्ण सड़कों की बात की जाए तो पेंड्रीडीह से नेहरू चौक के बीच 40 करोड़ की लागत से बनाई जाने वाली 15.37 किलोमीटर लंबी सड़क प्रारंभ नहीं हो सकेगी। हालांकि यह सड़क फिलहाल बेहतर स्थिति में है, जिससे बारिश में आवागमन में कोई दिक्कत नहीं होगी।

इसी तरह दस करोड़ की लागत से 13. 66 किलोमीटर लंबाई में बनने वाली मोपका-खैरा-गतौरा-जयरामनगर सड़क भी चार महीनों के लिए रूक जाएगी। कोनी से पत्रकार कालोनी होते हुए अशोकनगर को जाने वाली 8.30 करोड़ की लागत से 3.70 किलोमीटर लंबाई वाली सड़क के बाधित होने का खामियाजा क्षेत्र के लोगों को जरूर भुगतना पड़ेगा। इस सड़क का टीएस प्राप्त हो चुका है व टेंडर की प्रक्रिया में है।



### कोनी-मोपका फोरलेन सड़क बेहद खस्ताहाल, यह भी बाधित

कोनी से मोपका के बीच 80 करोड़ की लागत से बनाई जाने वाली 13 40 किलोमीटर बहुचर्चित सड़क भी बारिश से बाधित हो रही है। यह सड़क फोरलेन व पूरी तरह कांक्रीट की बनाई जानी है। पिछले साल बारिश में इस सड़क की जर्जर हालत के कारण आवागमन पूरी तरह बंद हो चुका था। पहले इस सड़क को टू-लेन की स्वीकृति प्राप्त हुई, वहीं बाद में इसे स्थानीय विधायक के व्यक्तिगत प्रयास से फोरलेन की मंजूरी मिली थी। दिक्कत यह है कि यह सड़क भी अब बारिश से बाधित हो जाएगी, जिससे बारिश के बाद ही इसका निर्माण प्रारंभ हो सकेगा। क्षेत्र के लोगों को बारिश के चार महीने खस्ताहाल सड़क पर ही आवागमन करना होगा।

### सीपत-बलौदा-कोरबा सड़क का वर्कआर्डर जारी, लेकिन निर्माण प्रभावित

सीपत से बलौदा होते हुए कोरबा जाने वाली सड़क बेहद खराब है। 20 41 करोड़ की लागत से 14 40 किलोमीटर लंबाई में इस सड़क का निर्माण किया जाना है। इस सड़क के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, वहीं संबंधित ठेका कंपनी को वर्कआर्डर भी जारी किया जा चुका है। दिक्कत यह है कि बारिश के आगमन को अब गिनती के ही दिन शेष हैं, ऐसे में इस सड़क का निर्माण भी चार महीनों के लिए बाधित हो सकता है। इस सड़क पर भी आवागमन काफी दूभर है। मार्ग में आए दिन वाहन पलटे व दुर्घटनाग्रस्त हालत में नजर आ जाएंगे। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी के जमाव से लगातार हादसे की आशंका बनी हुई है।

### कुछ काम चलते रहेंगे

काम पूरी तरह बंद नहीं होंगे, आवश्यकतानुसार व बारिश के दौरान हो सकने वाले कार्य चलते रहेंगे। टेंडर में लेटलतीफी नहीं होती। इसकी प्रक्रिया काफी जटिल है। टीएस के बाद सर्वे करना होता है। टेंडर के लिए ही 21 दिनों का समय देना पड़ता है। लगभग एक से डेढ़ महीने तो टेंडर की प्रक्रिया में ही निकल जाते हैं। इसमें भी काम अगर दस करोड़ से अधिक लागत वाला है तो यह शासन स्तर पर टेंडर कमेटी को जाता है। कुल मिलाकर ढाई से तीन महीने लग ही जाते हैं। पूरा प्रयास है कि कार्य तत्परता से प्रारंभ व पूर्ण किए जाएं।

**- आरके रात्रे**, चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी

## वीडियो कांड के बाद थाने के सामने की चाय दुकान बंद



**बिलासपुर**। वीडियो कांड के बाद सिविल लाइन थाना के सामने से आरोपी चाय वाले की दुकान बंद कर दी गई है। उसने ही तथाकथित पत्रकारों के कहने पर पीड़ित आरक्षक को वीडियो भेजकर 1 लाख रुपए की मांग की थी।

पिछले दिनों सिविल लाइन थाना के आरक्षक मनोज साहू को थाना के सामने चाय ठेलावाला सोनू ठाकुर ने एक साल पुरानी मनगढ़ंत वीडियो भेजकर सोशल मीडिया में वायरल नहीं करने के एवज में 1 लाख रुपए की मांग की थी। बात नहीं बनने पर 50 हजार रुपए मांगने लगा था। आरक्षक साहू ने उसकी बातों की वाइस रिकार्डिंग कर लिया था। 8 जून को मनोज साहू की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरक्षक रितेश मिश्रा तथाकथित पत्रकार जिया खान, अनुज श्रीवास्तव, चायवाले सोनू ठाकुर के खिलाफ अवैध वसूली का मामला दर्ज किया था। टीआई किशोर केंवट के निर्देश पर 9 जून को आरोपी सोनू ठाकुर की थाना के सामने चाय ठेला को बंद करा दिया गया है। सोनू ठाकुर के चाय दुकान में तथाकथित पत्रकारों का मजमा लग रहा था। खबर है कि सोनू ठाकुर चाय पिलाने के बहाने थाने में जाकर गोपनीय जानकारी लाकर पत्रकारों को बताता था। उसके बाद तथाकथित पत्रकार ब्लैकमेलिंग का खेल खेलते थे।

### सहकारी समिति की सदस्यता सूची पर दावा आपत्ति 16 तक

**बिलासपुर**। आशीर्वाद वैली आवासीय सहकारी समिति मर्या. बोदरी की सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 16 जून तक लिखित में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष सोसाइटी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। 18 जून को दोपहर 12 बजे दावों एवं आपत्तियों का निराकरण कर अंतिम सदस्यता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

### ईएनटी एवं एनेस्थीसिया विभाग के डाक्टरों ने की युवक की जटिल सर्जरी

## युवक की कटी श्वासनली, सिम्स के डाक्टरों ने दिया जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

झगड़े के दौरान 26 वर्षीय युवक के गले की नस कट गई, जिसे गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती किया गया। जानलेवा चोट के साथ पहुंचे युवक को सिम्स के डाक्टरों ने एक बार फिर जीवनदान दिया है। पूरी तरह से कट चुकी श्वासनली की सर्जरी कर सिम्स के डाक्टरों ने अपनी उत्कृष्टता की मिशाल पेश की है।



जानकारी के अनुसार 1 जून की सुबह लगभग 7 बजे शादाब खान (26 वर्ष) को गंभीर अवस्था में सिम्स के कैजुअल्टी विभाग में भर्ती किया गया, गले में गहरा कटने का निशान था, श्वासनली कटने के कारण युवक की सांस ही सांस उखड़ने लगी थी। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार लैरिंगोट्रेकियल इंजरी होने के कारण शरीर में ऑक्सीजन का स्तर गिर रहा था, स्थिति को भांपते हुए ईएनटी विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. आरती पाण्डेय, सह प्राध्यापक विद्याभूषण साहू, सहायक प्राध्यापक डॉ. श्वेता मित्तल ने तत्काल स्थिति का आकलन कर मरीज को आपातकालीन ऑपरेशन थिएटर ले जाने के लिए कहा और आपरेशन किया गया।

### ट्रेकियोस्टॉमी से दी गई सांस

ऑपरेशन थिएटर में पहुंचते ही आपातकालीन ट्रेकियोस्टॉमी कर मरीज का श्वास मार्ग सुरक्षित किया और ऑक्सीजन संतृप्ति को सामान्य स्तर पर लाया गया। इसके बाद अत्यंत जटिल एवं चुनौतीपूर्ण सर्जरी की गई, श्वासनली जोड़ने के साथ ही गर्दन के आसपास की संरचनाओं को भी पुनर्स्थापित किया गया। दो घंटे तक चली इस सर्जरी में श्वासनली, मांसपेशियों, फैशियल लेयर तथा त्वचा को पांच परतों में जोड़ा गया।

### रायपुर किया गया रेफर

सर्जरी के पश्चात की गई जांचों में मरीज के सिर की हड्डी में कई स्थानों पर फ्रैक्चर तथा सीटी स्कैन में मस्तिष्क के भीतर रक्तस्राव (इंट्राक्रेनियल हेमरेज) के संकेत मिले। सिम्स में न्यूरोसर्जन उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीज को उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

### एनेस्थीसिया विभाग की भूमिका

जीवनरक्षक सर्जरी में एनेस्थीसिया विभाग की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही। एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. मधुमिता मूर्ति तथा सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत कुमार पैंकरा की टीम ने पूरे ऑपरेशन के दौरान मरीज की स्थिति को नियंत्रित एवं सुरक्षित रखा।

### सिम्स में संभव है जटिल सर्जरी

सिम्स के डाक्टरों की दक्षता, समर्पण और त्वरित निर्णय क्षमता के कारण युवक की जटिल सर्जरी संभव हो सकी। ऐसी दक्षता ही जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम अपनी पूरी कोशिश के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

**- डॉ रमणेश मूर्ति**, डीन, सिम्स

### गुणवत्ता पूर्ण इलाज प्राथमिकता

गंभीर मरीज को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इस मामले में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने उत्कृष्ट समन्वय और समर्पण का परिचय दिया, जिसके कारण एक युवक को नया जीवन मिल सका।

**- डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स




# मोदी के बेमिसाल बारह बरस




**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र की बागडोर संभालते हुए अपने 12 ऐतिहासिक वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवधि के दौरान 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र ने भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बदलकर एक मजबूत, डिजिटल और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित किया है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 12 प्रमुख उपलब्धियों में डिजिटल क्रांति और यूपीआई भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम बन गया है। इस तकनीक ने रेहड़ी-पटरी वालों से लेकर बड़े व्यवसाय तक, हर नागरिक के दैनिक जीवन में लेन-देन को पारदर्शी, आसान और कैशलेस बना दिया है।

## अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक उछाल

इन 12 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने लंबी छलांग लगाई है। आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर चुका है। देश 'ग्लोबल साउथ' (विकासशील देशों) की सबसे बुलंद आवाज और प्रमुख वैश्विक शक्ति बन गया है।

## आयुष्मान भारत योजना

यह दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है। इसके जरिए करोड़ों गरीब परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है, जिससे चिकित्सा पर होने वाले भारी खर्च से आम जनता को बड़ी राहत मिली है।

## बुनियादी ढांचा का अभूतपूर्व विकास

देश में एक्सप्रेसवे का जाल, आधुनिक रेलवे और रिकॉर्ड स्तर पर सड़कों का निर्माण हुआ है। वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों, मेट्रो नेटवर्क के विस्तार और 'उड़ान' योजना के माध्यम से आम आदमी के लिए हवाई यात्रा सुलभ हुई है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना

गरीबों और मध्यम वर्ग को उनका पक्का घर देने के लिए चार करोड़ से अधिक मकान बनाए जा चुके हैं। पीएम आवास योजना के तहत करोड़ों लोगों का अपना घर होने का सपना साकार हुआ है।

## वित्तीय समावेशन और जन धन योजना

विश्व के सबसे बड़े वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों में से एक, प्रधानमंत्री जन धन योजना के माध्यम से करोड़ों वंचित भारतीयों के बैंक खाते खोले गए। डीबीटी के जरिए सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच रहा है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई है।

## महिला सशक्तीकरण और नारी शक्ति वंदन अधिनियम

देश की महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए संसद और राज्य विधानसभाओं में 33% आरक्षण सुनिश्चित किया गया। इसके अलावा, उज्ज्वला योजना और 'लखपति दीदी' जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन स्तर में क्रांतिकारी सुधार किया है।

## स्वच्छता और जल जीवन मिशन

स्वच्छ भारत अभियान के तहत करोड़ों शौचालयों का निर्माण हुआ, जिससे ग्रामीण और शहरी भारत में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा मिला है। 'जल जीवन मिशन' के तहत 14 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में शुद्ध पेयजल (नल से जल) पहुंचाया गया है।

## धारा 370 और कड़े आंतरिक सुरक्षा निर्णय

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35A को हटाकर देश के इस अभिन्न अंग को पूर्ण संवैधानिक और मुख्यधारा के विकास से जोड़ा गया। इसके साथ ही, 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाकर आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया गया है।

## आत्मनिर्भर भारत और रक्षा उत्पादन

'मेक इन इंडिया' पहल के बल पर भारत रक्षा उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भर हुआ है। आज भारत अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ रिकॉर्ड स्तर पर रक्षा उपकरणों का निर्यात भी कर रहा है।

## विश्व मंच पर भारत का बढ़ता कद

आज भारत दुनिया की बड़ी चुनौतियों पर स्पष्ट राय रखता है। वैश्विक कूटनीति के शीर्ष मंचों पर भारत की मजबूत उपस्थिति है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रभाव काफी बढ़ा है।

## ऐतिहासिक अंतरिक्ष उपलब्धियां

इस कालखंड में भारत ने अंतरिक्ष अनुसंधान में मील के पत्थर स्थापित किए हैं। चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग और गगनयान (मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन) जैसी परियोजनाओं ने वैश्विक स्तर पर भारत का डंका बजाया है। ये 12 उपलब्धियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के ठोस प्रमाण हैं।



























एग्जाम

## मेंस परीक्षा समाप्त घरेलू नातेदारी सिविल अधिकार पर पूछे प्रश्न



**बिलासपुर।** राज्य लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा अंतिम दिन मंगलवार को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक एक पाली में परीक्षा का आयोजन किया गया। समान्य अध्ययन पेपर 7 की परीक्षा अभ्यर्थियों ने दी। मेंस की परीक्षा शहर के 5 केन्द्रों में आयोजित की गई 1 हजार 948 पंजीकृत अभ्यर्थियों में 1 हजार 810 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई 138 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। परीक्षार्थीयों ने बतया कि सामान्य अध्ययन की आखिरी परीक्षा में पीएम योजना,संविधान घरेलू हिंसा व अन्य कई प्रश्न पूछे गए। परीक्षार्थी ने बताया कि इस प्रश्नपत्र में प्रदेश व देश में चल रही योजनाओं के बारे में विभिन्न जानकारी पूछी गई। बतादें की छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा 6 जून से चल रही थी, जो मंगलवार को समाप्त हो गई। शहर के जेपी वर्मा कालेज, बिलासा गर्ल्स कालेज, मल्टीपरपस स्कूल, देवकीनंदन स्कूल और लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में परीक्षाएं ली गई। इसके पश्चात अभ्यर्थियों ने बताया को परिणाम का इंतजार रहेगा। जिन अभ्यर्थियों का चयन होगा वे सीधे पीएससी के अंतिम पड़ाव इंटरव्यू में प्रवेश कर जाएंगे।

आयोजन

## मातृभाषा छत्तीसगढ़ी में शिक्षा अनिवार्य करने सामाजिक जागरण का निर्णय



**बिलासपुर।** मातृ भाषा में शिक्षा की मांग को लेकर जारी अभियान को गति देने सरकंडा में एक बैठक हुई। इसमें मातृभाषा छत्तीसगढ़ी में शिक्षा को अनिवार्य करने के लिए सामाजिक जागरण के साथ ही कानूनी कोशिश करने का निर्णय लिया गया। साहित्यकारों, प्रबुद्धजनों की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक को संघ के पूर्व प्रचारक और मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी के संरक्षक नंदकिशोर शुक्ल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य बनने के 25 वर्ष बाद भी मातृभाषा छत्तीसगढ़ी के प्रति सरकार और समाज उदासीन है। कानूनी तौर पर नवा शिक्षा नीति-2020 के तहत मातृभाषा में शिक्षा को अनिवार्य किया गया उसका भी पालन नहीं हो रहा है। इस दिशा में अब साहित्यकारों और प्रबुद्धजनों ठोस पहल करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा की जगह स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने राज्य सरकार का निर्णय मोदी सरकार की मातृभाषा में शिक्षा की गारंटी के खिलाफ है। इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। रामकिशोर को छत्तीसगढ़ी भाषा प्रचार समिति का जिला संयोजक बनाया गया। बैठक में अरुण कुमार, मनीष गौरहा, त्रिगुनी नारायण, रामनिहाल, पियूष निषाद, पं. विजय, पुनीराम सोनी, कुंदन सिंह, रामरतन, सुरेश यादव, महेन्द्र शर्मा, प्रदीप कुमार, हरबंश कुमार, अमृत लाल, गणपति, दिलीप कुमार, महावीर सिंह, प्रेमचंद्र, देवराज मौजूद रहे।

कार्यक्रम

## उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान कर बढ़ाया गया मनोबल



**बिलासपुर।** शांता फाउंडेशन ने सिंधु भवन तोरवा में उत्कृष्ट छात्र सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया। संस्था के आयोजन का यह द्वितीय वर्ष है। जिसमें कक्षा 10वीं, 12वीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का मनोबल बढ़ाने उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलजन कर किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 70-80 बच्चों का सम्मान प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेंटो देकर किया गया। इस सम्मान में सेजस मंगला स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलक नगर, मिनीमाता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला देवरी खुर्द के बच्चे शामिल रहे। मुख्य अतिथि पूर्व राजभाषा आयोग के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ विनय पाठक ने बच्चों को आशीर्वचन के रूप में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और ऐसे आयोजन की सराहना की। अतिथि डॉ पूनम सिंह ने बालिकाओं को शुभकामनाएं दी एवं लड़कियों में हर महीने होने वाली माहवारी पर शपथ एवं जागरूकता का संदेश दिया। जिला परियोजना अधिकारी जितेंद्र कुमार पाटले ने कहा कि ऐसे बच्चे जो आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण आगे नहीं बढ़ पाते हैं या उन्हें सही मार्गदर्शन नहीं मिल पाता ऐसे बच्चों की वे मदद करते हैं। उन्होंने सिंधु भवन में उपस्थित बच्चों को अपना मोबाइल नंबर भी दिया। आभार प्रदर्शन शांता फाउंडेशन के संस्थापक नीरज गेमनानी ने किया।

# रस, भाव पर केन्द्रित कथक की प्रस्तुति

सीएमडी चौक स्थित आईएमए सभागार में श्री कला मंजरी कथक संस्थान ने व्याख्यान माला का आयोजन किया। इसमें लुधियाना पंजाब से आईं सीमा सूद ने रस और भाव पर केंद्रित कथक नृत्य पर आधारित व्याख्यान एवं नृत्य का प्रदर्शन किया।

### कला मंजरी कथक संस्थान की व्याख्यान माला



**बिलासपुर।** कार्यक्रम का आरंभ कथक नृत्य के तीन ताल से हुआ। जिसकी प्रस्तुति संस्थान की विद्यार्थी वंशिका शर्मा ने दी। ततपश्चात अभिनय पर प्रस्तुति दी गई। सीमा सूद ने सबसे पहले भगवान नटराज के स्वरूप का वर्णन करते हुए आंगिक स्थिति प्रस्तुत की।

जिसमें उन्होंने भगवान शिव के नटराज के स्वरूप का विशुद्ध विवरण देते हुए बताया कि भगवान शिव के अंग, उनके वचन, उनकी वेशभूषा और उनका सात्विक भाव क्या है? पूरी सृष्टि का निर्माण, उनके नट भाव ताल और छंद पर किस प्रकार आधारित है। इसके बाद उन्होंने कथक नृत्य पर आधारित नव रसों की प्रस्तुति दी जो कि अभूतपूर्व रहा। सभी रसों के महत्व को बताते हुए उन्होंने इसे विद्यार्थी जीवन के साथ संबंधित करके अभिभावकों को भी इसके बारे में अवगत कराया और कहा कि रस और भाव केवल नृत्य के लिए नहीं अपितु अभिभावकों द्वारा बच्चों के पालन पोषण में भी निहित होता है। उन्होंने जीवन से जुड़े हर उदाहरण के साथ प्रत्येक रसों का वर्णन किया। जिसमें सिंगार, हास्य, करुण, वीभत्स, शांत, वीर, वात्सल्य अद्भुत आदिश शामिल रहा। कार्यक्रम में शीला शर्मा, संज्ञा टंडन, रिंकू मित्रा, डॉ पंकज, डॉ शर्मा सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पं. बिरजू महाराज के शिष्य रितेश शर्मा एवं आभार प्रदर्शन संस्थान के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा ने किया।

### छंद की प्रस्तुति परक खेल

कार्यक्रम के दौरान संस्थान के विद्यार्थियों व अभिभावकों के साथ ताल और छंद की एक प्रस्तुति परक खेल कराया गया। जिसमें उन्होंने अभिभावकों को जीवन में ताल और लय के संतुलन का महत्व समझाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ सुप्रिया भारतीयन एवं द्वारिका प्रसाद अग्रवाल ने ऐसे विषयगत व्याख्यान माला को विद्यार्थी एवं समाज हित में बताया। यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से गुरु पं. बिरजू महाराज के श्री चरणों में समर्पित रहा। सभा भाव का यह कार्यक्रम संस्थान की उन्नति पर एक नए सोपान रहा।

# श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल द्वारा वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल द्वारा माता रानी की कुटिया वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्ध महिलाओं के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा एवं एसईसीएल परिवार की प्रथम महिला शशि दुहन के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस अवसर पर मंडल की उपाध्यक्ष भी उपस्थित रहीं। सभी ने वृद्धाश्रम में रह रही वृद्धजनों से आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनका उत्साहवर्धन किया। शिविर में डॉ पारुली साहू एवं उनकी टीम द्वारा 25 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर में रक्तचाप, नाड़ी, लिवर प्रोफाइल, किडनी प्रोफाइल एवं लिपिड प्रोफाइल सहित विभिन्न जांचें निःशुल्क की गईं। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत जरूरतमंद महिलाओं को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान शशि दुहन ने वृद्धाश्रम की महिलाओं को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया तथा उनके स्वास्थ्य की नियमित देखभाल हेतु प्रतिमाह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करने की घोषणा की। शिविर के उपरांत वृद्धाश्रम में निवासरत 25 बुजुर्गों को पौष्टिक नाश्ता एवं फल की टोकरियाँ वितरित की गईं, जिससे उनके प्रति स्नेह, सम्मान एवं अपनत्व का भाव व्यक्त किया जा सके। इस सेवा कार्य में समिति की सदस्याओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। यह स्वास्थ्य शिविर श्रद्धा महिला मंडल की सामाजिक सेवा, करुणा एवं जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का एक सराहनीय प्रयास रहा, जिससे वृद्धाश्रम की महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त हुआ तथा उनमें सुरक्षा एवं अपनत्व की भावना का संचार हुआ।



## सीएमडी में पं द्वारिका की पुण्यतिथि मनाई गई

बिलासपुर। सीएमडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय पंडित द्वारिका प्रसाद दुबे की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे, अमन दुबे शासी निकाय सदस्य डॉ अंजलि चतुर्वेदी प्राचार्य शिक्षा, प्राचार्य डॉ संजय सिंह, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय पं. द्वारिका प्रसाद दुबे के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित जनों ने उनके शिक्षा, समाजसेवा एवं राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने कहा कि स्वर्गीय पं. द्वारिका प्रसाद दुबे एक दूरदर्शी शिक्षाविद् थे, जिन्होंने वर्ष 1956 में सी.एम. दुबे महाविद्यालय की स्थापना कर क्षेत्र में उच्च शिक्षा के नए द्वार खोले। उन्होंने शिक्षा को केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज निर्माण का सशक्त आधार माना। उनके आदर्श, मूल्य एवं शिक्षा के प्रति समर्पण आज भी महाविद्यालय परिवार को प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं। प्राचार्य डॉ संजय सिंह ने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय पं. द्वारिका प्रसाद दुबे द्वारा स्थापित यह शिक्षण संस्थान आज भी हजारों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कार एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा प्रदान कर रहा है।



## अग्रवाल महिलाओं ने की छांछ, शरबत सेवा

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय महिला सम्मेलन बिलासपुर द्वारा आयोजित पेयजल, शरबत सेवा कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में सेवा, समर्पण एवं एकता का अदभूत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल के नेतृत्व में श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में भगवान हनुमान का भोग लगाकर किया गया। इसके बाद 100 लीटर से अधिक मसाला छाछ का वितरण, 2 सौ आलू चाप, 70 समोसा, 8 किलो जलेबी वितरित की गई। ठंडाई में फ्रूटी, शरबत, नींबू पानी पिलाकर राहगिरों को गर्मी से राहत दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ प्रदेश व बिलासपुर जिला अध्यक्ष उषा सुल्तानिया, सचिव ज्योति सुल्तानिया, उषा अग्रवाल, अनिता, रजनी, सुनीता, प्रियंका अग्रवाल, शारदा बिंदल, संगीता रेणु, सुमन अग्रवाल सहित अन्य सभी कार्यकारिणी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। सभी ने अपने-अपने स्तर पर सामग्री, श्रम एवं आर्थिक सहयोग देकर सेवा कार्य को सफल बनाया।

स्पोर्टर्स न्यूज

# फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के सीनियर खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

### 200 से अधिक सीनियर -जूनियर खिलाड़ियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के सीनियर खिलाड़ियों ने मंगलवार को राजारघुराज सिंह स्टेडियम में जहां प्रशिक्षण प्राप्त किया, वहीं 30- 30 ओवर के मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन भी किया। इसके पहले सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों को राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में सुबह और शाम की पाली में वरिष्ठ कोच के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

आज 200 से अधिक खिलाड़ियों को यहां क्षेत्ररक्षण, बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी का अत्याधुनिक तकनीक से प्रशिक्षण दिया गया। खिलाड़ियों को फिटनेस की जानकारी भी दी गई। दोपहर को सीनियर खिलाड़ियों के बीच मैच खेला गया। एफसीए ए 2.1 तथा एफसीए बी 2.0 की टीम के बीच राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में आज 30-30 ओवर का मैच खेला गया। जिसमें एफसीए बी 2-0 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 34 रन से मैच जीत लिया। सीनियर खिलाड़ियों के बीच हुए मैच में एफसीए ए के खिलाड़ियों ने सिर्फ 170 रन बनाएं जबकि एफसीए बी के खिलाड़ियों ने 204 रन बनाएं। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार इस मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सृष्टि शर्मा को दिया गया जिन्होंने अपने टीम के लिए 50 रन भी बनाएं और पांच विकेट भी लिए। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के द्वारा आज सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों को राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में विशेष प्रशिक्षण दिया गया। आदित्य कौशिक वरिष्ठ कोच के द्वारा स्टेडियम में बच्चों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसके पहले भी समर कैंप के खिलाड़ियों को इस अंतरराष्ट्रीय खेल मैदान में प्रशिक्षण दिया गया है। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी आज राष्ट्रीय स्तर पर शहर एवं फाउंडेशन का नाम रोशन कर रहे हैं। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में पिछले 10 सालों से शहर के नवोदय बच्चों को क्रिकेट के गुण सिखाए जा रहें हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैंप में बालक एवं बालिका विभिन्न आयु वर्ग में यहां क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जाता है। और राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर बड़े खेल मैदान में क्रिकेट खेलने की तकनीक भी बताई जा रही है।



## खबर संक्षेप

### पोंगरिहा में श्रीमद् भागवत कथा 12 से

**तखतपुर।** ग्राम पोंगरिहा में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 12 से 20 जून तक आयोजित किया गया है। जिसमें कथा वाचक सुरेंद्र मिश्रा, आचार्य जितेंद्र मिश्रा एवं मुख्य यजमान जागेश्वरी पारथ लाल रजक, यजमान कवित्री उत्तम रजक, उर्मिला शिवकुमार रजक, मनटोरा नारायण रजक रहेंगे।

### कृषक उन्नति योजना का नया स्वरूप लाभकारी

**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी



किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत ने कहा है कि मंत्रिपरिषद द्वारा खरीफ वर्ष 2026 से कृषक उन्नति योजना के नवीन स्वरूप को मंजूरी देना प्रदेश के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं लाभकारी निर्णय है। राज्य सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने, किसानों की आय में वृद्धि करने तथा धान पर अत्यधिक निर्भरता को कम करने के उद्देश्य से धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया गया है। श्री राजपूत ने कहा कि यह निर्णय केवल किसानों की आय बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि जल संरक्षण, भूमि की उर्वरता बनाए रखने तथा कृषि के वैज्ञानिक प्रबंधन को भी प्रोत्साहित करेगा। इससे प्रदेश में कृषि का संतुलित विकास होगा और किसानों को लंबे समय तक आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

## निधन

### एके सतपाल

**बिलासपुर।** साईं नगर उसलापुर



निवासी कृषि विभाग के सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एके सतपाल का स्वर्गवास 9 जून को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 10 जून को सुबह 11 बजे उनके गृह ग्राम छाता, जिला मुंगेली में किया जाएगा।

### गुलापा बाई सूर्यवंशी

**बिलासपुर।** वार्ड क्रमांक 64



महामाया नगर बिरकोना निवासी गुलापा बाई सूर्यवंशी पति रमैयादास सूर्यवंशी का 9 जून को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 10 जून बुधवार को बिरकोना मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे गुरु लवदास, उतराबाई, सरोजनी बाई की माता थीं।

### सरस्वती तोलानी

**बिलासपुर।** शांतिनगर, गली नं. 3



कर्नल दुबे हॉस्पिटल के पीछे रहने वाली सरस्वती तोलानी का 9 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार झूलेलाल मुक्तिधाम सिंधी कॉलोनी में किया गया। वे स्वर्गीय धर्मदास तोलानी की पत्नी, नानक, कमल एवं सुनील तोलानी की माता थीं।

### बीरबल सोनी

**लोरमी।** स्वर्णकार समाज के सदस्य



बीरबल सोनी पिता हेतराम सोनी का 52 वर्ष की आयु में मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नया बस स्टेण्ड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु एवं नागरिक शामिल हुए। वे भोले सोनी, कृष्णा सोनी के छोटे भाई थे।

# रिहायशी इलाके में घुसा चार हाथियों का दल, ग्रामीणों में दहशत

## मरवाही की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और रेंज ऑफिस के करीब पहुंचे गजराज





**पेंड्रा।** जिले के मरवाही इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया जब 4 हाथियों का एक दल अचानक रिहायशी इलाके में दाखिल हो गया। हाथियों का दल मरवाही रेंजर कार्यालय परिसर में घुस गया। इसके बाद हाथी घूमते हुए मरवाही की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और रेंज ऑफिस के बेहद करीब तक पहुंच गए।

आबादी वाले इलाके में विशालकाय हाथियों को इतना नजदीक से देखकर स्थानीय लोगों में कौतूहल और दहशत का माहौल बन गया। हाथियों की दस्तक की खबर फैलते ही उन्हें देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और मोर्चा संभाला। वन अमले ने कड़ी मशक्कत करते हुए हाथियों के दल को दर्रीटोला की तरफ खदेड़ दिया था, लेकिन कुछ ही देर बाद चारों हाथी फिर लौट आए और नवाटोला की एक आम की बगिया में जाकर डेरा जमा लिया। फिलहाल कुम्हारी के कंपार्टमेंट नंबर 2026 में हाथियों का दल मौजूद है। हाथियों के दोबारा लौट आने से वन विभाग की चिंता बढ़ गई है। फिलहाल वन अमला मौके पर ही तैनात है और हाथियों की हर हरकत और मूवमेंट पर लगातार नजर बनाए हुए है। सुरक्षा के लिहाज से ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की हिदायत दी जा रही है।

## ग्राम धरदेही में लगा सुशासन शिविर

# अफसरों से लेकर जनप्रतिनिधियों का गांव गांव तक आना ही सुशासन: धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

सुशासन तिहार एवं संतुष्टि शिविर के अंतिम पड़ाव पर पथरिया विकास खंड के ग्राम धरदेही में सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि रहे।

सुशासन शिविर में 25 ग्रामपंचायत से आये ग्रामीण महिला पुरुषों से संवाद करते हुए श्री कौशिक ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ ने ग्रामीण जीवन स्तर को ऊंचा उठाया है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में पटवारी से लेकर मुख्य सचिव तक और पार्षद से लेकर मुख्यमंत्री तक गांवों में आकर आमजनों की समस्या मांग शिकायतें सुन रहे हैं यही तो सुसाशन है। उन्होंने ग्रामीणों से विभागवार समस्या पूछा और मौके पर ही निराकरण किया। जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत, अम्बालिका साहू, जनपद उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पूरा करने के लिए राज्य की विष्णुदेव साय सरकार के अथक प्रयास की बात कहते हुए अधिकारियो को सरकारी योजनाओं के प्रति जनता को जागरूक करने के प्रयास करने को कहा। शिविर समापन पर सरपंच त्रिवेणी सनत बरगाह ने आभार



शिविर में उपस्थित हितग्राही और विधायक धरमलाल कौशिक।

व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, सभपति जगदीश वर्मा, लोकेश साहू, मनीष साहू, चंद्रशेखर कौशिक, हरिचरण धृतलहरे, शिवशंकर बर्मन, युवा मोर्चा जिला महामंत्री राजेन्द्र साहू, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र बघेल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रघु वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह छाबड़ा, मंडल महामंत्री बलराम जायसवाल, सभापति इन्द्रजीत यादव, भाजपा नेता गणेश सोनी, रघुनन्दन करमाकर, टिका राम वर्मा, राजेन्द्र निर्मलकर, ओमू दीवान, शंकर यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

**महिलाओं के लिए डॉक्टर की मांग -** भाजपा नेत्री एवं जिला पंचायत सभापति अम्बालिका साहू ने पथरिया के सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ नही होने के कारण सोनोग्राफी मशीन भी बंद होने की जानकारी देते हुए महिलाओं के लिये स्त्रीरोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की मांग कलेक्टर मुंगेली से करते हुए महिलाओं की हित मे निर्णय लेने को कहा।

### शिक्षा ही मानव विकास का आधार

मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिये उनके साथ बैठकर पढाई कराये उनसे उसके विद्यालय के पढ़ाई के बारे में पूछे उन्होंने पालको से कहा कि रील, इंस्टाग्राम , फेसबुक से बच्चों को दूर रखें ये सभी उनके शैक्षिक विकास में बाधक है। कलेक्टर ने कहा कि अब टाइम इज मनी नही है अब अटेंशन ईज मनी हो चुका है इसलिये बच्चों का अटेम्सन उनके विकास में हो।

**एक करोड़ से अधिक के विकास कार्य की घोषणा -** मुख्य अतिथि एवम क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक ने मंच से धरदेही नवीन प्राथमिक शाला भवन , सहित 25 पंचायतो में पांच पांच लाख के सीसी रोड , नाली निर्माण के लिये 1करोड़ से अधिक की राशि देने की घोषणा किये । जनपद उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक की मांग पर मिडिल स्कूल बावली के लिये नवीन भवन का मांग प्रस्ताव विभाग को भेजने की बात कही , धरदेही सरपंच त्रिवेणी सनत बरगाह की मांग पर धरदेही में श्री कौशिक ने प्राथमिक शाला भवन निर्माण के लिए 12 लाख रुपए, सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 12 लाख रुपए तथा सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही मुक्तिधाम परिसर एवं प्रतीक्षालय, आंगनबाड़ी भवन, व्यावसायिक परिसर भवन तथा सीसी रोड का लोकार्पण भी किया।



# विकास, सुशासन और जनकल्याण ही प्रधानमंत्री मोदी का ध्येय: धर्मजीत

**सकरी।** गरीबों को पक्का आवास,किसानों को सम्मान निधि,महिलाओं को उज्ज्वला योजना,हर घर जल,आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ देकर सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया है। आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता को जाता है।

- मंच युक्त शेड निर्माण के लिए बीस लाख देने विधायक ने की घोषणा

विकास, सुशासन और जनकल्याण ही मोदी जी का ध्येय है। उक्त उद्गार तखतपुर विकासखंड के ग्राम सकेती स्थित जोगीदीप में केन्द्र के भाजपा सरकार के 12 वर्ष सफलता से पूर्ण होने पर आयोजित जनसंपर्क अभियान के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक धर्मजीत सिंह ने व्यक्त किया।

विधायक धर्मजीत सिंह ने सकेती ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के मांग पर जोगीदीप में 20 लाख के मंच युक्त शेड निर्माण करने एवं सकेती से जोगीदीप तक विद्युतीकरण कराने की घोषणा की। इस अवसर पर नागरिक सहकारी बैंक बिलासपुर की उपाध्यक्ष श्रीमती शशि धर्मजीत सिंह भी उपस्थित रहीं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष देश के इतिहास में परिवर्तनकारी कालखंड के रूप में याद किए जाएंगे। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिपं सभापति अंबिका साहू, विशाल विक्की सिंह, श्याम नारायण गुप्ता, रामकुमार निर्मलकर, सतीश सोनकर, राजेश देवांगन, आनंद अवस्थी, कविता महेश यादव, योगेश साहू, रामफल निर्मलकर, बलराम पटेल, कृष्ण कुमार साहू, गुलजीत खुराना, लता कश्यप, रजनी देवांगन, पार्षद प्रियंका आहूजा, विद्यानंद साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अश्वनी साहू एवं आभार प्रदर्शन शैलेन्द्र कौशिक ने किया। विधायक धर्मजीत सिंह के नेतृत्व में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण का कार्य किया। इस अवसर पर दिनेश शर्मा, सरपंच राधिका अविनाश वर्मा, हरप्रसाद कौशिक, कृष्णा यादव, संतोष नेताम, दुकालु जायसवाल, परसराम जायसवाल, सेवकदास मानिकपुरी, पंचराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार कार और बाइक की भिड़ंत, दो गंभीर

**पेंड्रा।** गौरेला अनूपपुर मार्ग पर स्थित लालपुर गांव के पास तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। यह भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक से टकराने के बाद कार अनियंत्रित होकर सीधे सड़क किनारे नाले में जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में कार चालक और बाइक सवार दोनों ही गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।



घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए दोनों घायलों को मलबे से निकाला और तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों और शुरुआती जानकारी के अनुसार, कार चालक अत्यधिक नशे की हालत में था। वह अनूपपुर से खोंगसरा की ओर जा रहा था, तभी उसने अपनी कार पर से नियंत्रण खो दिया और बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार चालक की इसी भारी लापरवाही और नशे में गाड़ी चलाने के कारण यह बड़ा हादसा हुआ है। फिलहाल, गौरेला थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना की जांच शुरू कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

# अवैध शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**पथरिया।** पथरिया पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 36 पाव देसी प्लेन शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त बाइक जब्त की है।



थाना प्रभारी गिरजाशंकर यादव ने बताया की मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अधिक मात्रा में अवैध शराब लेकर बिक्री के उद्देश्य से साप्ताहिक बाजार पथरिया की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने साप्ताहिक बाजार के समीप घेराबंदी की। इस दौरान एक हीरो एच.एफ. डिलक्स बाइक क्रमांक सीजी 28 एच 2671 पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई। उन्होंने अपना नाम संजीव बघेल (36 वर्ष) एवं रोहित डहरिया (45 वर्ष) निवासी ग्राम अमलडीहा, थाना पथरिया, जिला मुंगेली बताया। गवाहों की उपस्थिति में तलाशी लेने पर आरोपियों के पास रखी दो सफेद बोरियों से 36 पाव देसी प्लेन शराब (प्रत्येक 180 एमएल), कुल 6.48 बल्क लीटर बरामद हुई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 2,880 रुपये बताई गई है। इसके अलावा शराब परिवहन में प्रयुक्त बाइक, जिसकी कीमत लगभग 20 हजार रुपये आंकी गई है, को भी जब्त किया गया।

# अवैध रेत भंडारण पर बड़ी कार्रवाई, 80 हजार का जुर्माना



**पेंड्रा।** कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन के निर्देश पर जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जिला खनिज उड़नदस्ता द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

टीम द्वारा दिन-रात निगरानी रखते हुए प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में प्राप्त शिकायत के आधार पर पीपरडोल स्थित स्वीकृत रेत भंडारण अनुज्ञा की जांच की गई। जांच के दौरान भंडारण क्षेत्र में अनियमितता एवं पर्यावरणीय शर्तों के उल्लंघन पाए जाने पर छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम, 2009 के नियम 15(3) के तहत सुरक्षा राशि के बराबर 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। वहीं रूमगा-मासूलडांड क्षेत्र में प्रिंस केसरवानी द्वारा बिना अनुमति 30 घन मीटर रेत का भंडारण किए जाने का मामला सामने आया। इस पर अवैध भंडारण का प्रकरण दर्ज करते हुए 30 हजार 520 रुपये का अर्थदंड निर्धारित किया गया, जिसे संबंधित खनिज मद में जमा कराया गया है। इस प्रकार दोनों मामलों में कुल 80 हजार 520 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आम सूचना

मेरे द्वारा मौजा धुमा म.न. 1 प.ह.न. 45 रा.नि.म. सिरगिट्टी विकास खण्ड बिल्हा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा न. 331/7 रकबा 0.35 एकड़ स्थित है राजस्व अभिलेखों में मिठाईलाल केवट पिता श्री भूलन केवट के नाम पर दर्जशुदा है मिठाईलाल के द्वारा अधिकृत किशोर तिवारी से उक्त 331/7 रकबा 0.35 एकड़ भूमि का विक्रय किये जाने का पक्का सौदा अनुबंध कर बतौर एडवांस राशि दिया जा चुका है निकट भविष्य में उक्त भूमि का रजिस्ट्री होने वाली है खसरा नं. 331/7 रकबा 0.35 एकड़ की चौहद्दी निम्नानुसार है पूर्व में - गनपत का खेत, पश्चिम में मूरली पटेल का खेत, उत्तर में -एन.एच. रोड, दक्षिण में - साधराम का खेत।,

यदि उक्त संघव्यवहार में किसी भी व्यक्ति संस्था समूह समिति शासकीय अर्द्धशासकीय निजी बैंक दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर नीचे लिखे पते पर में दस्तावेज सहित लिखित में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है समय अवधि बाद दावा आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचना जाने।

भवदीय
गोपाल गुप्ता
पिता भरत लाल गुप्ता
राजीव गांधी चौक थाना
बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. नं. 9685500942

### कार्यालय प.ह.नं. 21. भुण्डा, रा.नि.म. गनियारी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क/क/सीमांकन/पट/2026
भुण्डा, दिनांक 04/06/2026

प्रति 1. अमित सिंह पिता कुंवर सिंह 2 मान सिंह 3 अनूप यादव 4 अश्वनी साहू पिता भैयाराम 5 गोवर्धन सिंह 6 दुर्गा साहू 7. अन्य हितबद्ध पक्षकार।

विषय - सीमांकन के समय उपस्थित रहने बाबत्।

संदर्भ:- न्याया. अति./ना. तहसीलदार गनियारी के ज्ञापन क्रमांक क्र/ना.तह 2026 दिनांक 20/04/2026

ग्राम नेवरा प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. गनियारी, तहसील सकरी स्थित भूमि ख.नं. 1356, 1357/2 रकबा क्रमश 0.3640, 0.3240 हेक्ट के सीमांकन हेतु मनोज सूर्यवंशी पिता/पति बंशीलाल सूर्यवंशी निवासी नेवरा द्वारा न्यायालय तह./अति.तह. / नायब तह. गनियारी के समक्ष आदेदन प्रस्तुत किया है।

न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 10/06/ 2026 को 10.00 से 5.00 बजे को किया जाना है. जिसमे आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अत: आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

टीप:- आवेदक सीमा-चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

श्रीमती रसिका सिंह चंदेल
पटवारी हल्का नं. 21

### न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)

**नोटिस**

एम.जे.सी. सिविल प्र.क्र.28/2026
श्रवण दिनांक 20/07/2026
प्रोसेस नंबर -49/26.05.2026

खिलावन यादव
विरूद्ध रतन लाल यादव वगैरह

प्रति,
1. श्रीमती खेलन बाई यादव उम्र 55 वर्ष पिता गयाराम, पति रामकुमार, 2. श्रीमती सुमित्रा बाई यादव उम्र 45 वर्ष पिता गंगाराम, पति सुशील, 3. श्रीमती अहिल्या बाई उम्र 42 वर्ष पिता गंगाराम, पति विनय, 4. श्रीमती मनटोरा बाई उम्र 40 वर्ष पिता गंगाराम, पति नीलकमल, 5. श्रीमती घन बाई उम्र 38 वर्ष पिता गंगाराम, पति घुरू, 6. श्रीमती गायत्री बाई उम्र 37 वर्ष पिता गंगाराम, पति अशोक, सभी निवासी - ग्राम निरतु, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

वादी ने माननीय न्यायालय के एम.जे. सी.सिविल प्र.क्र. 28/2026 खिलावन यादव विरूद्ध रतन लाल यादव वगैरह का वाद प्रस्तुत किया है जिसमें आपको प्रतिवादीगण के रूप में पक्षकार बनाया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि प्रकरण में श्रवण दिनांक 20/07/2026 को किया जाना है। आप उक्त तिथि को न्यायालय में अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई में हिस्सा लेकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करते हुए प्रकरण का निराकरण किया जायेगा। इस नोटिस के प्रकाशन के द्वारा इस आशय की सूचना आपको की जा रही है।

आज दिनांक 26/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर के सहित सूचना जारी की गई।

दिनांक: 26/05/2026

(अनूप तिग्गा)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

मैं अपने आसामीगण श्री प्रवीर दास पिता स्व. आर.एल. दास एवं श्री प्रवीण दास पिता स्व. आर.एल. दास दोनों निवासी चंदली तह. लालपुर जिला मुंगेली की ओर से अधिकृत होकर उनके निर्देशानुसार निम्नाशय का आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि:

मेरे आसामीगणों की बहन श्रीमती प्रतिभा मयंगर सिंह पति श्री अर्जुन मयंगर सिंह निवासिनी 3 के.एल. सोसायटी अहमदाबाद के नाम पर ग्राम चंदली तह. लालपुर जिला मुंगेली में भूमि ख.नं. 28/2 रकबा 2.30 एकड़, ख.नं. 34 रकबा 2.42 एकड़, ख.नं. 142/1, रकबा 1.95 एकड़, ख.नं. 147 शामिल नं. 148 रकबा 2.37 एकड़, ख.नं. 174/1 रकबा 4.36 एकड़, ख.नं. 176 रकबा 2.23 एकड़, ख.नं. 187 रकबा 9.93 एकड़ जुमला रकबा 25.76 एकड़ राजस्व अभिलेखों में इदांज है। उपरोक्त भूमियां श्रीमती प्रतिभा मयंगर सिंह को पारिवारिक बंटवारा में प्राप्त हुई है। वर्तमान में उपरोक्त भूमियों पर मेरे आसामीगण कृषि कार्य करते चले आ रहे है, क्योंकि उपरोक्त भूमि मेरे आसामीगणों के खेतों से लगी हुई है तथा श्रीमती प्रतिभा मयंगर ने मेरे आसामीगणों को उपरोक्त भूमियों पर खेती करते हुए देखभाल करने की उत्तरदायित्व सौपी है। मेरे आसामीगणों को उनकी बहन प्रतिभा मयंगर सिंह ने यह भी आश्वासन दी है, कि वे उपरोक्त भूमि को विक्रय करेंगी, यदि मेरे आसामीगण उपरोक्त भूमि को क्रय करने में रूचि नही लेगे तब किसी अन्य को विक्रय करेंगी। मेरे आसामीगणों को विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उनकी बहन श्रीमती प्रतिभा मयंगर सिंह गांव के व्यक्तियों को उपरोक्त भूमियों को विक्रय करने हेतु ग्राहक खोज रही है तथा मेरे आसामीगणों ने अपने बहन से संपर्क कर उपरोक्त भूमियों को क्रय करने की इच्छा जाहिर किए है परंतु उनकी बहन मेरे आसामीगणों को उपरोक्त भूमियों को विक्रय करने में रूचि नही ले रही है। इस कारण मेरे आसामीगणों ने अपने बहन को अपने अधिवक्ता के माध्यम से पंजीकृत सूचना पत्र प्रेषित कराकर अग्रक्रयाधिकारी के तहत उपरोक्त भूमियों को विक्रय करने का आग्रह किए है। परंतु मेरे आसामीगणों से भिन्न व्यक्ति को उपरोक्त भूमियों को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है, इस कारण मेरे आसामीगण अदिलंघ अग्रक्रयाधिकार की घोषणा का सिविल सूट पेश करेगे।

सो आम जनता, निगम, निकाय, संस्था, बैंक एवं वे व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि को क्रय न करे, अन्यथा उन्हे विवाद का सामना करना पडेगा जिसके लिए, वे स्वयं जिम्मेदार होगे।

सो सूचना जाने।
दिनांक 9.06.2026
बिलासपुर

भवदीय
Ratnesh Kumar Agrawal
Advocate
Er. No. 622/02
Life Care Hospital Road,
Karbala Juna Bilaspur (C.G.)
495001
Mob. No.- 98274-97567

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं राजेन्द्र कुमार साहू उम्र 34 वर्ष पिता राजकुमार साहू जाति तेली निवासी ग्राम जरौंधा तह. तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. का हूं जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि जो कि मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड क्र. 8510 2557 0058 में मेरे पुत्र का नाम ढलगुराम साहू पिता राजेन्द्र साहू अंकित हैं। जो कि त्रुटिपूर्ण हैं। मेरे पुत्र के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र एवं अंकसूची में मेरे पुत्र का नाम लक्की साहू अंकित हैं। जो कि सही एवं वास्तविक नाम हैं। मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड में नाम ढलगुराम साहू को सुधार कर मेरे पुत्र के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र एवं अंकसूची में अंकित नाम लक्की साहू के अनुसार आधार कार्ड में अंकित कराना चाहता हूं। यह शपथ पत्र मै अपने उपरोक्त कथनो के समर्थन तथा अपने पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड में अंकित नाम ढलगुराम साहू को सुधार कर जन्म प्रमाण पत्र एवं अंकसूची में अंकित नाम लक्की साहू के अनुसार सुधार किये जाने हेतु निष्पादित कर रहा हूं।

दिनांक : 09.06.26

नया नाम
लक्की साहू
पिता राजेन्द्र कुमार साहू
निवासी ग्राम जरौंधा
तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.
मो. 8982536040

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्रमांक /Q/ सीमांकन/रा.नि/2024
बिलासपुर दिनांक 01/06/2026

प्रति. आवेदक सतीश कुमार तम्बोली पिता धनसिंग तम्बोली आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. चन्द्रशेखर देवांगन पिता- श्रीराम देवांगन 3.श्वेता पटेल 4. हेमत कुमार मांझी

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत् एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

सदर्भ: न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक/तह/ना तह/वा/ 2024 बिलासपुर, दिनांक 15.05.2026

ग्राम चिल्हाटी प.ह.न. 29 रा.नि.म. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित खसरा नं. 313/11 रकबा 0.0301 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक सतीश कुमार तम्बोली निवासी ठाकुर देव मंदिर के पास मोपका के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 18.06.26 को समय 10 से 05 के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक,
मोपका जिला बिलासपुर (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक / /तह./वा./20....
बिलासपुर दिनांक 27.05.2026
ग्राम सिरगिट्टी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका कलाराम ध्रुव पिता स्व. विश्राम ध्रुव निवासी ग्राम शिवमंदिर सिरगिट्टी द्वारा मृतक/मृतिका विश्राम ध्रुव की मृत्य दिनांक 05.02.2025 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 15.06.26 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.05.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

### // आम सूचना //

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार श्रीमती सतरूपा साहू पति श्री अशोक कुमार साहू, निवासी बहतराई बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) वाली के द्वारा मौजा मोपका, प.ह.नं.-29, रा.नि.म. मोपका, वि.खं.बिल्हा, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.में स्थित भूमि खसरा नंबर-792/3 कुल रकबा-3000 वर्गफीट में से 1500 वर्गफीट की भूमि को विक्रेता श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल पति चन्द्रशेखर अग्रवाल वाली से क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर अग्रिम बयाना की राशि भुगतान कर चुकी है, तथा निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना तय है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/निकाय/बैंक को वर्णित खसरा, रकबा की भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज सहित मेरे नीचे दिये गये कार्यालयीन पते पर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर अवगत करा सकेंगे। उक्त समयावधि पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, तथा मेरे पक्षकार के द्वारा आवश्यक रूप से अपने नाम पर रजिस्ट्री करा ली जावेगी।

सो सूचना जानें।
दिनांक:- 09/06/2026
बिलासपुर (छ.ग.)

देवेश साहू
(अधिवक्ता)
कार्यालय पता- डी.पी. कालेज के पीछे
शारदा मंदिर के पास, टिकरापारा
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.-9893313838
9039204038

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय श्री सदगुरू कबीर प्रगट उत्सव 27 से

**बिलासपुर।** दो दिवसीय श्री सदगुरू कबीर प्रगट उत्सव 27 जून से श्री सदगुरू कबीर गुरू धर्मदास मंदिर जरहाभाठा में किया जाएगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुन्ना दास मानिकपुरी ने बताया कि 27 जून को गुरू महिमा पाठ 9 बजे सत्संग भजन होगा। 28 जून को कबीर सत्संग भजन दोपहर 3 बजे से सात्विक यज्ञ चौका आरती के साथ होगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान कबीर पंथ समाज सामूहिक विवाह समारोह आमीनमाता महिला मंडल द्वारा किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में महंत मुक्तावन दास साहेब, सुमित दास, मुकेश दास, महंत लीलादास साहेब, अमरू दास दीवान, कुंजू दास, मन्नू चतुर्वेदी, बहोरन दास, थानू साहू, गणेश साहू, श्याम दास, हीरा दास, दिलहरण दास, योगेश साहू, सोनू दास, राकेश जगत, सुखीन बाई, विमला सुशीला माई, गायत्री माई, शकुन माई, मंजू माई, दुरपति, नंदनी, इतवारा, उर्मिला आदि का आवश्यक तैयारी में जुटी हैं।

### डा. रमन विश्वविद्यालय ने सुश्री उमा को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** कोटा स्थित डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने सुश्री उमा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। यह उपाधि उन्हें उनके शोध कार्य कला संकाय हिंदी में तुलसी साहित्य में विज्ञान एक अध्ययन विषय पर दिया गया। उनके शोध निर्देशक डा. शाहिद हुसैन थे। वे स्व. अभय राम एवं सुशीला की पुत्री हैं। वे वर्तमान में आजाद हिंद महाविद्यालय बिलासपुर में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी 3 कोच की सुविधा आज व कल



**बिलासपुर।** कोरबा से बिलासपुर होकर अमृतसर के बीच चलने वाली अप-डाउन छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा 10 व 12 जून को यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों की भीड़ को कम करने और कंफर्म बर्थ की सुविधा देने के लिए कोरबा से अमृतसर के बीच और अमृतसर से बिलासपुर आने वाली 18237/18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 18237 कोरबा से बिलासपुर होकर अमृतसर जाने वाली ट्रेन में 10 जून को और 12 जून को 18238 अमृतसर से बिलासपुर आने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में यात्रियों के लिए दी जाएगी।

### स्काउट एंड गाइड्स ने किया 150 से अधिक पौधरोपण



**बिलासपुर।** एसईसीआर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बिलासपुर जिला मुख्यालय ने पर्यावरण की रक्षा और जलवायु परिवर्तन से निपटने के उद्देश्य से जिले में बड़े पौधरोपण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इसमें 120 समर्पित सदस्यों ने हिस्सों ने मिलकर शहर के दो प्रमुख स्थानों पर स्थानीय प्रजातियों के 150 से अधिक पौधे लगाए। सुबह 8 बजे न्यू लोको कालोनी में मरीमाई मंदिर के सामने अभियान में प्रतिभागी एकत्रित हुए। इसके बाद सिरगिट्टी में अनार, नीम, आंवला, आम, करंज, जामुन जैसे विभिन्न प्रजातियों के पौधे के बीच बांटे गए। यह कार्यक्रम जिला आयुक्त स्काउट और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### गांव पहुंचकर 8600 ग्रामीणों को दिया गया संरक्षा संदेश

**बिलासपुर।** मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के निर्देश और वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को मंडल के विभिन्न समापार फाटकों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बिलासपुर रेलखंड में स्थित 54 से अधिक गांव एवं बस्तियों में जनसंवाद एवं ग्राम संपर्क कार्यक्रम आयोजित कर 8600 से अधिक ग्रामीण नागरिकों, वाहन चालकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से रेल अफसरों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को समपार फाटकों को सुरक्षित रूप से पार करने, रेल लाइन के समीप सतर्कता बरतने और सुरक्षित रेल संचालन में जनभागीदारी के महत्व के संबंध में जागरूक किया।

**तैयारियों की कलेक्टर-एसएसपी ने की समीक्षा** | परीक्षार्थियों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

# 21 जून को जिले के 19 केंद्रों में होगी नीट यूजी की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा 21 जून को आयोजित की जाने वाली नीट - 2026 परीक्षा के सुचारू, निष्पक्ष एवं सुरक्षित संचालन को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में परीक्षा केंद्राध्यक्षों, सिटी कोऑर्डिनेटरों एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में परीक्षा संचालन से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में परीक्षा की पवित्रता, पारदर्शिता और अभ्यर्थियों की सुविधा सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी केंद्रों पर एनटीए के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बिलासपुर शहर के 19 शैक्षणिक संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।



#### कलेक्टर व एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

कलेक्टर एवं एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन करने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अग्रिम कार्ययोजना तैयार रखने के निर्देश भी दिए। परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त पंखे, स्वच्छ शौचालय, प्राथमिक उपचार एवं एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध रहेगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। परीक्षा दिवस पर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने तथा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष पुलिस व्यवस्था की जाएगी।

#### सुविधाओं की समीक्षा की गई

बैठक में केंद्रों की सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित भंडारण एवं परिवहन, यातायात प्रबंधन, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छता और चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा की गई।वहीं संभावित मानसूनी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अतिरिक्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों में अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए वाटरप्रूफ शेड (अस्थायी आश्रय स्थल) तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा प्रवेश द्वारों एवं परिसर के बाहर भी ऐसी व्यवस्था की जाएगी ताकि वर्षा की स्थिति में परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

#### परीक्षा में बांधा न आए

कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा के दिन मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियां भी अभ्यर्थियों की परीक्षा में बाधा नहीं बननी चाहिए। इसके लिए सभी केंद्रों पर जल निकासी, वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था तथा आपातकालीन संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना, सीसीटीवी निगरानी केंद्रों की सक्रियता, परीक्षा केंद्रों की पूर्व जांच, पुलिस बल की तैनाती तथा संवेदनशील गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। प्रश्नपत्रों और ओएमआर सीटों की सुरक्षा के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री पहुंचीं शहर

# मोदी के नेतृत्व में सभी नेताओं को मिला रहा सम्मानः सावित्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिन्होंने कभी संविधान का पालन नहीं किया, वे संविधान की बात करते हैं बाबा साहब अम्बेडकर सहित देश के संविधान निर्माताओं की कभी जयंती, पुण्यतिथि नहीं मनाई, किंतु आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऐसे सभी नेताओं को पूरे देश में सम्मान दिया जा रहा है।




केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने आज भाजपा द्वारा लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में आयोजित 12 साल विश्वास के विकास के जनकल्याण के पूर्ण होने पर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने चंहुमुखी विकास किया है। उन्होंने गरीब शोषित एवं वंचित वर्गो के कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है। विभिन्न योजनाओं से किसानों को लाभान्वित करना नारी शक्ति का सशक्तिकरण तथा देश का चहुमुखी विकास की दिशा में उनके प्रयास उल्लेखनीय है। श्रीमती ठाकुर ने कहा कि विगत 12 वर्षो में भारत विश्व की तुलना में कहां से कहां पहुंच गया। आपने 2014 में देखा होगा जब मोदी जी पहली बार संसद भवन पहुंचे तो भवन के समक्ष उन्होंने नतमस्तक होकर संसद को प्रणाम किया था। मोदी जी भाषण देते हुए कुछ देर के लिए उनकी आंखों में आंसू आ गए लेकिन यह आंसू पार्टी उन वरिष्ठ नेताओं को याद करके आए जिन्होंने समर्पित भाव से पार्टी की सेवा की उनकी चप्पले घिस गई किंतु वे कभी पंच सरपंच भी नहीं बन सके। एक समय ऐसा भी था जब लोगों को चुनाव लड़ने जनसंघ पार्टी से कहा जाता तो लोग तैयार नहीं होते थे। पार्टी के लोगों ने कठिन त्याग और संघर्ष किया जिनकी बदौलत आज पार्टी सत्ता में है। महिला बाल विकास राज्य मंत्री ने कहा कि दिल्ली के लाल किले से मोदी जी ने संकल्प लिया कि एक लाख महिलाओं को राजनीति में लाउंगा। पहले कभी महिलाओं का नाम निशान नहीं होता था अब उन्हें बैंकों से सीधे जोड़कर उनके नाम पर जन धन खाता आवास राशन कार्ड सभी है आडिटोरियम परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 साल विश्वास के विकास के जनकल्याण के प्रदर्शनीय लगाई गई जिसका केन्द्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

सम्मेलन में विधायक सुशांत शुक्ला, अध्यक्ष क्रेडा भूपेन्द्र सवन्नी, अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम राजा पाण्डेय, रजनीश सिंह, हर्षिता पाण्डेय, दीपक सिंह, मोहित जायसवाल, मेयर पूजा विधानी, राजेश सूर्यवंशी, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, अमरजीत सिंह दुआ आदि मौजूद थे।

#### मोदी का कार्यकाल एक स्वर्णिम युग : तोखन

केन्द्रीय शहर आवास राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल एक स्वर्णिम युग है। गरीब कल्याण की योजनाओं से लोगो के जीवन में आमूलचुल परिवर्तन आया है। उन्होंने अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का वायदा किया। आज तक सरकार पर कोई आरोप नहीं लगा। आज देश के 56 करोड़ जन धन खाते खुले हैं। प्रधानमंत्री ने विकास की अवधारणा को लोगो की पेट से जोड़ा और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 81 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है।

#### छग राज्य निर्माण पीएम बाजपेयी की देन : अमर

पूर्व मंत्री एवं शहर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की देन है। उस समय राजधानी रायपुर बना तो बिलासपुर न्यायधानी बना। बिलासपुर में पहली बार राष्ट्रीय राजमार्ग बना राज्य निर्माण के दौरान ही सीपत में एनटीपीसी निर्माण बना। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई जिसमें बिलासपुर की 3 हजार करोड़ की विकास योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें एयरपोर्ट में नाइट लैंडिग, अरपा सौंदर्यीकरण जैसे अनेकों कार्य है।

#### देश को उंचाइयों पर ले जाने वाले हमारे नेता मोदी हैं : कौशिक

विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संकल्प से सिद्धि तक पहुंचाने का काम सरकार बखूबी कर रही है। देश को उंचाईयों पर ले जाने वाले हमारे नेता नरेन्द्र मोदी है। कार्यक्रम के पश्चात केन्द्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, तोखन साहू पद्मश्री रामलाल बरेठ से उनके निवास पर जाकर भेंट किए और उनसे केन्द्र सरकार की उपलब्धियों से संबंध में चर्चा की। श्री कौशिक ने प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही कार्यों की जमकर सराहना की।

## डॉ. मौर्य ने जटिल किडनी स्टोन सर्जरी का लाइव प्रदर्शन किया

**बिलासपुर।** मार्क हॉस्पिटल बिलासपुर के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट एवं निदेशक डॉ. कमलेश कुमार मौर्य ने बेंगलुरु में आयोजित यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अंतर्गत वार्षिक "यूरोलिथकॉन" सम्मेलन में जटिल किडनी स्टोन सर्जरी का सफल लाइव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया।

उन्होंने आधुनिक तकनीक "शॉकपल्स" टेक्नोलाजी का उपयोग करते हुए बड़े एवं जटिल रीनल स्टोन के उपचार की उन्नत तकनीकों का प्रदर्शन किया। देश-विदेश से आए सैकड़ों यूरोलॉजिस्ट एवं एंडोयूरोलॉजी विशेषज्ञों की उपस्थिति में लाइव सर्जरी प्रस्तुत करना डॉ. मौर्य के लिए गौरव एवं सम्मान का विषय रहा। उन्होंने ऑपरेशन के दौरान नवीन तकनीक, सर्जिकल निर्णय क्षमता तथा जटिल स्टोन सर्जरी की बारीकियों को साझा किया, जिसकी विशेषज्ञों द्वारा सराहना की गई। डॉ. मौर्य का अकादमिक क्षेत्र में विशेष योगदान रहा है। उन्हें देश एवं विदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित



**हेल्थ प्लस**

सम्मेलनों में शोध पत्र प्रस्तुत करने, लाइव सर्जिकल डेमोंस्ट्रेशन देने एवं फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया जाता रहा है। वे मिनी पीसीएनएल, आरआईआरएस एवं जटिल स्टोन सर्जरी के क्षेत्र में विशेष रुचि रखते हैं तथा नई तकनीकों को अपनाने में अग्रणी माने जाते हैं।

मार्क हॉस्पिटल बिलासपुर आज किडनी एवं यूरोलॉजी रोगों के उपचार के लिए प्रदेश के प्रमुख संस्थानों में से एक बन चुका है।

**एजुकेशन प्लस**

## बीपीएस में टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट दृष्टिकोण पर कार्यशाला का आयोजन





**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बहतराई में शिक्षण की गुणवत्ता को निरंतर उत्कृष्ट बनाने के उद्देश्य से काइज़न लर्निंग : टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट दृष्टिकोण विषय पर एक विशेष शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका संचालन डॉ. धीरज मेहरोत्रा ने किया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में सतत सुधार की संस्कृति विकसित करना तथा दैनिक शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं में छोटे-छोटे सकारात्मक परिवर्तनों के माध्यम से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने की समझ विकसित करना था। अपने प्रेरक एवं संवादात्मक सत्र में डॉ. मेहरोत्रा ने काइज़न दर्शन, टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट के व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला। विभिन्न गतिविधियों, उदाहरणों एवं चर्चाओं के माध्यम से शिक्षकों को यह समझाया गया कि प्रतिदिन किए गए छोटे-छोटे सुधार शिक्षण की गुणवत्ता, कक्षा प्रबंधन तथा विद्यार्थियों के अधिगम परिणामों में दीर्घकालिक सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने शिक्षकों की प्रतिबद्धता की सराहना की और उन्हें लगातार सीखते रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही निदेशिका एवं प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता ने कहा शिक्षक का विकास ही विद्यार्थियों के विकास का आधार है। कार्यक्रम की सफलता विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या रोज़मेरी लक्ष्मण तथा समस्त शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता से सुनिश्चित हुई। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी शिक्षकों के व्यावसायिक विकास, गुणवत्ता संवर्धन एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने इस प्रकार की नवाचारी कार्यशालाओं के नियमित आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।

## टिकिट चेकिंग में यात्रियों से 4 लाख 13 हजार की वसूली

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं बेहतर सफर की सुविधा उपलब्ध कराने तथा वैध टिकिट सफर करने को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष नाका टिकिट चेकिंग अभियान 14 जून तक चलाया जा रहा है।



वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन के नेतृत्व में यह अभियान बिलासपुर स्टेशन में चलाया गया। इस दौरान वाणिज्य निरीक्षक, मुख्य टिकिट निरीक्षक, टीटीई एवं आरपीएफ स्टाफ शामिल थे। जोनल स्टेशन से गुजरने वाली 20 ट्रेनों की सघन जांच में बिना टिकिट सफर करने वाले 309 यात्रियों से 3 लाख 975 रुपए, अनियमित टिकिट के 210 यात्रियों से 1 लाख 10 हजार रुपए, बिना बुकिंग के लगेज ले जाने वाले 17 यात्रियों से 1 हजार 700 रुपए सहित 617 यात्रियों से 4 लाख 13 हजार 475 रुपए बतौर जुर्माना वसूल किया गया।

### रेलवन से रात में नहीं मिलेगी यात्रियों को जनरल टिकिट

**बिलासपुर।** अनारक्षित टिकिट प्रणाली यूटीएस में आवश्यक रखरखाव के कारण रात में सफर करने वाले यात्रियों को रेलवन एप से जनरल टिकिट की सुविधा नहीं मिल पाएगी। रेलवे के अनुसार रेलवे की डिजिटल सेवाओं के उन्नयन के लिए यूटीएस प्रणाली में आवश्यक तकनीकी रखरखाव एवं कैशिंग गतिविधि के अंतर्गत रात 23.50 बजे से देर रात 00.20 बजे तक निर्धारित तकनीकी कार्य किया जाएगा। इस निर्धारित अवधि के दौरान रेलवन यूटीएस के माध्यम से टिकिट बुकिंग तथा सीपीएस के जरिए आर वालेट रिचार्ज की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध नहीं रहेगी। आर वॉलेट में पूर्व से उपलब्ध शेष राशि का उपयोग करते हुए टिकिट बुकिंग की सुविधा सामान्य रूप से जारी रहेगी। तकनीकी कार्य पूरा होते ही प्रभावित सभी सेवाएं तत्काल पुनः सामान्य रूप से उपलब्ध रहेगी।

## सियाश्री की ब्लूम और लेटर लैंड की पुस्तकें प्रकाशित

**बिलासपुर।** विद्यार्थियों में भाषा के प्रति प्रेम, साहित्यिक अभिरुचि तथा रचनात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से सियार्थी की ब्लूम और लेटर लैंड श्रृंखला की पुस्तकों का प्रकाशन किया गया है। इसमें ब्लूम वर्ग के अंतर्गत (ब्लूम-नर्सरी, एलकजी, यूकेजी) तथा लेटर लैंड वर्ग के अंतर्गत हिन्दी (हिन्दी-अ, हिन्दी-ब, हिन्दी-स, हिन्दी-1), अंग्रेजी (अंग्रेजी-अ, अंग्रेजी-ब, अंग्रेजी-स, अंग्रेजी-1) और गणित (गणित-अ, गणित-ब, गणित-स, गणित-1) की पुस्तकें सम्मिलित हैं।

इन पुस्तकों का निर्माण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के अनुरूप किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को हिन्दी, अंग्रेजी तथा साहित्य का संतुलित, व्यापक और गहन ज्ञान प्राप्त हो सके। इन पुस्तकों में प्रत्येक अध्याय को इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है कि विद्यार्थी सरलता से पाठ की मुख्य अवधारणाओं को समझ सकें। प्रत्येक पाठ के प्रारम्भ में दिया गया पाठ-सार विद्यार्थियों को अध्याय की मूल भावना और संदेश से जोड़ता है। अध्यायों के अंत में पाठ-आधारित विविध प्रकार के प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें बहुविकल्पीय प्रश्न, रिक्त स्थान, सही-गलत, एक वाक्य में उत्तर, लघु उत्तरीय तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्न शामिल हैं। ये प्रश्न विद्यार्थियों में गहन समझ, विश्लेषणात्मक सोच और आत्ममंथन की क्षमता विकसित करते हैं। भाषा के




व्यवस्थित अध्ययन के लिए पुस्तकों में भाषा ज्ञान और व्याकरण को भी विशेष रूप से सम्मिलित किया गया है। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और लेखन कौशल को विकसित करने के लिए विभिन्न प्रकार की लेखन गतिविधियाँ जोड़ी गई हैं। इन अभ्यासों से विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता, शब्द-चयन और भाषा पर पकड़ मजबूत होती है। इसमें केवल प्रश्नोत्तर ही नहीं, बल्कि मूल्यांकन कौशल पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। अध्यायों के अंत में स्वमूल्यांकन हेतु गतिविधियाँ, चित्र-आधारित प्रश्न, तर्कपूर्ण अभ्यास तथा संदर्भानुसार व्याख्या दी गई है, ताकि विद्यार्थियों की पठन क्षमता, समझ और विश्लेषणात्मक दृष्टि का विकास हो सके। सियाश्री की ब्लूम और लेटर लैण्ड की पुस्तकों को तैयार करते समय आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का विशेष ध्यान रखा गया है।

## हाईकोर्ट में 15 से वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट में समर वेकेशन के बाद 15 जून से वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था समाप्त हो जाएगी और कोर्ट में नियमित कामकाज प्रारंभ होगा। अधिवक्ता फिजिकली कोर्ट में उपस्थित होकर अपने मामलों की पैरवी कर सकेंगे। वहीं वीडियो कांफ्रेसिंग की सुविधा भी पहले की तरह लागू रहेगी। हाईकोर्ट के प्रभारी रजिस्ट्रार जनरल ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

इस आदेश के तहत हाईकोर्ट प्रशासन ने साफ किया है कि पेट्रोल-डीजल आपूर्ति की स्थिति में काफी सुधार आया है। लेकिन अभी भी फिजूलखर्ची से बचना होगा। ज्यूडिशियल और मिनिस्टिरियल अफसरों को सलाह दी गई है कि वे अनावश्यक रूप से गाड़िया न दौड़ाए। हाईकोर्ट और जिला न्यायपालिका के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे ईंधन बचाने के लिए जहां तक संभव हो सकें अपने सरकारी वाहनों को अन्य अधिकारियों के साथ शेयर करें। हाईकोर्ट के प्रभारी रजिस्ट्रार जनरल मंसूर अहमद द्वारा आदेश में लिखा है कि छग उच्च न्यायालय द्वारा 19 मई 2026 को जारी परिपत्र के निरस्तीकरण में जिसमें वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से मामलों की सुनवाई कार, वाहन पूलिंग व्यवस्था, कर्मचारियों के घर से कार्य करने और आधिकारिक वाहन साझा करने के निर्देश दिए गए थे।

### ईंधन की बर्बादी रोकने व वाहन पूलिंग के निर्देश



प्रभारी रजिस्ट्रार जनरल ने अपने आदेश में लिखा है कि चूंकि ईंधन आपूर्ति की स्थिति में काफी सुधार हुआ है और अस्थाई उपायों की आवश्यकता वाली परिस्थितियां काफी हद तक कम हो गई है। इसलिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आधिकारिक वाहनों और ईंधन के उपयोग में उचित मितव्ययिता बरतनी चाहिए।

## हाईकोर्ट ने वापस लिया नियमितीकरण संबंधी फैसला

**बिलासपुर।** चिकित्सकों द्वारा नियमितीकरण की मांग करते हुए दाखिल याचिका में फर्जी सर्कुलर पेश कर दिया, हाईकोर्ट इस सर्कुलर के आधार पर नियमितीकरण करने का आदेश जारी कर दिया, बाद में चिकित्सकों द्वारा रिव्यू पिटीशन दाखिल किए जाने के बाद हाईकोर्ट ने उक्त आदेश को वापस ले लिया है। मामला सामने आने के बाद कोर्ट ने अपना पुराना फैसला निरस्त कर याचिका दोबारा सुनवाई के लिए बहाल कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दो चिकित्सकों ने नियमितीकरण की मांग करते हुए दायर याचिका के साथ राज्य सरकार का एक फर्जी सर्कुलर पेश कर दिया था। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने दोनों संविदा चिकित्सकों को नियमितीकरण का आदेश जारी कर दिया था। नियमितीकरण के तकरीबन पांच महिने बाद चिकित्सकों को पता चला कि उनके द्वारा हाईकोर्ट में पेश किया गया राज्य सरकार का सर्कुलर फर्जी है। चिकित्सकों ने अपनी गलती का अहसास होते ही हाईकोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर किया। रिव्यू पिटीशन में कोर्ट को सब कुछ बताया और इसके लिए माफी भी मांगी। हाईकोर्ट ने पुराना आदेश वापस लेते हुए मुख्य याचिका को दोबारा सुनवाई के लिए बहाल कर दिया है। याचिका की सुनवाई जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच में हुई।

#### ← यह है मामला →

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के मोपका प्राथमिक स्वास्थ्य आयुष केन्द्र में संविदा पर कार्यरत आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. ममता मिश्रा व डॉ. नवीन कुमार होता आयुर्वेदिक मेडिकल आफिसर कांटैक्ट प्राइमरी हेल्थ आयुष केन्द्र सरायपानी जिला जशपुर ने नियमितीकरण की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका के साथ उन्होंने 28 मई 2010 को जारी सरकारी सर्कुलर पेश किया था। सर्कुलर में संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण पर विचार करने का निर्देश दिया गया था। याचिकाकर्ता चिकित्सक ने अपनी याचिका में कहा था वे 18 साल की सेवा पूरी कर चुकी है और राज्य सरकार के नियमितीकरण की पात्र हैं। हाईकोर्ट ने 5 जनवरी को नए सिरे से अभ्यावेदन प्रस्तुत करने और वर्ष 2010 के सर्कुलर के अनुसार चार महिने के भीतर इस पर अंतिम फैसला लेने के निर्देश दिए थे।

## खबर संक्षेप

### युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**बिलासपुर।** ढाबा से पैदल घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कुचलकर भाग गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सकरी टीआई उमेश साहू ने बताया कि आवासपारा निवासी रोहित सूर्यवंशी पिता शिवकुमार सूर्यवंशी 19 साल यादव ढाबा में काम करता था। मंगलवार की सुबह 5 बजे वह पैदल अपने घर जा रहा था। बटालियन रोड में अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें चपेट में लेते हुए कुचलकर भाग गया। हादसे में रोहित की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### एप से मिलेगी खेती-किसानी की जानकारी

**बिलासपुर।** भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा किसानों के लिए भारत विस्तार नामक एआई आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रारंभ किया गया है। इस प्लेटफॉर्म से किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी, आवेदन, लाभ की स्थिति, मौसम पूर्वानुमान, मंडी भाव, कीट-रोग सलाह आदि एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है। भारत विस्तार एप गूगल प्ले स्टोर में उपलब्ध है। इसके साथ ही किसान वेब पोर्टल agriwelfare.gov.in एवं टोल फ्री नंबर 155261 पर भी कृषि संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। भारत विस्तार एप में केंद्र सरकार की 10 प्रमुख योजनाओं की जानकारी जैसे कि पीएम-किसान, पी एम एफ बी वाय, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, केसीसी आदि उपलब्ध है। उप संचालक कृषि ने किसानों से इस प्लेटफॉर्म का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

### पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रस्ताव

**बिलासपुर।** भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों जैसे कि पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। व्यक्तिगत रूप से भेजे जाने वाले नामांकन ऑनलाइन के माध्यम से भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल awards.gov.in पर 31 जुलाई 2026 तक कर सकते हैं। साथ ही जिला कार्यालय में नामांकन प्रस्ताव कलेक्टर की अनुशंसा सहित भारत सरकार के संलग्न प्रपत्र में 15 जुलाई 2026 तक छत्तीसगढ़ शासन को उपलब्ध कराने नियत दिनांक से एक सप्ताह पूर्व प्रस्तुत करना होगा। भारत सरकार की मंशा इन पुरस्कारों के माध्यम से राज्य के सुदूर वनांचलों, ग्रामीण क्षेत्रों और नगरीय क्षेत्रों से समाज के उन अनछुए और गुमनाम नायकों की पहचान करना है, जो समाज सेवा, कला, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

### विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के लिए आवेदन 20 तक

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 5 जुलाई 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दोपहर 12 से 2 बजे तक होगी। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के मेघावी विद्यार्थियों को राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में अध्ययन का अवसर मिलेगा। आवेदन 20 जून तक जमा होगा।

खाद, बीज व बिजली समस्या सहित 9 सूत्रीय मुद्दों को लेकर कांग्रेसजनों ने बोला हल्ला

# बैलगाड़ी में कलेक्टोरेट का घेराव करने पहुंचे कांग्रेस नेता, मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला शहर, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को कलेक्टोरेट का घेराव किया गया। कांग्रेस नेता कांग्रेस भवन से पदयात्रा करते व बैलगाड़ी पर बैठकर घेराव पहुंचे थे। कांग्रेसजनों ने खाद, बीज, बिजली समेत 9 सूत्रीय मुद्दों को लेकर हल्ला बोला। वहीं कांग्रेसियों के प्रदर्शन दौरान जनदर्शन से उठकर कलेक्टर संजय अग्रवाल आए और उनकी समस्याएं सुनी। कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा।

■ कांग्रेस ने की पर्याप्त खाद दिलाने की मांग

कांग्रेस नेता सुबह 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित होकर कलेक्टोरेट की ओर रवाना हुए। बैलगाड़ियों पर सवार होकर और पदयात्रा करते कलेक्टोरेट पहुंचे आंदोलनकारियों ने जमकर नारेबाजी की। अवसर पर जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने अपनी बातें रखीं। कांग्रेस नेताओं ने किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, ग्रामीण क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों में किसानों को पर्याप्त डीजल उपलब्ध कराने, कृषि पंपों के लिए बिजली को पूर्णतः मुफ्त करने सहित अन्य मांगें रखीं।

कांग्रेस नेताओं द्वारा कहा गया कि किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इसी तरह ग्रामीण पेट्रोल पंपों से सिर्फ एक हजार रुपए का डीजल दिया जा रहा है, इससे परेशानियां बढ़ गई हैं। कलेक्टर ने सभी कांग्रेस नेताओं की बातें सुनीं और समस्यू दूर करने का आश्वासन दिया। इससे पहले सभी कांग्रेसियों ने कांग्रेस भवन तिलक नगर में एकत्र हुए और बताए गए समय पर सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी बैल गाड़ी लेकर कलेक्टोरेट की ओर कूच कर गए इस दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की किसानों को मिलने वाले खाद की कमी पर जमकर नाराजगी व्यक्त की गई। शहर के विभिन्न ब्लाकों के खाद वितरण केंद्रों में तत्काल खाद पहुंचाने कहा। विधायक एवं कार्यकर्ताओं का जुलूस सड़क पर उतर गया था। जिला प्रशासन द्वारा उन्हें नियंत्रित करने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अंत में कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।





कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

### चक्काजाम की चेतावनी

घेराव प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने जिला प्रशासन को सचेत करते हुए कहा कि यदि प्रदेश शासन ने इन 9 सूत्रीय मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक और त्वरित निर्णय नहीं लिया तो चक्काजाम और जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। आज के घेराव प्रदर्शन में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, जिला अध्यक्ष ग्रामीण महेन्द्र गंगोत्री, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, राजेंद्र शुक्ला, रामशरण यादव, प्रमोद नायक सहित अन्य उपस्थित थे।

## इधर प्रशासन का दावा: 50 हजार टन खाद का भंडारण

कांग्रेस ने जिले में खाद की भारी कमी की बात को लेकर एक ओर जहां मंगलवार को कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन ने लगभग 50 हजार टन खाद के भंडारण का दावा किया है। प्रशासन का यह भी कहना है कि बीते वर्ष इसी अवधि में जिले में खाद का जो भंडारण था उसकी तुलना में इस साल 31 प्रतिशत खाद का भंडारण अधिक है। प्रशासन ने किसानों द्वारा अब तक 26 हजार टन से भी ज्यादा खाद का उठाव कर लेने की बात भी कही है।

जिले में खाद की उपलब्धता व कमी को लेकर विरोधाभाषी स्थिति देखने को मिल रही है। जिले में खाद की कमी होने के कारण किसानों की बढ़ती परेशानी का हवाला देते हुए कांग्रेस के द्वारा मंगलवार को एक बड़ा प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों ने बैलगाड़ी में कलेक्टोरेट पहुंचकर घेराव व प्रदर्शन किया है। इधर प्रशासन द्वारा जिले में खाद की कोई कमी नहीं होने व बीते वर्ष की तुलना में भरपूर उपलब्धता एवं वितरण होने की बात कही गई है।
कृषि विभाग के अनुसार खरीफ सीजन के लिए जिले में वर्तमान में 49,772 टन उर्वरकों का भंडारण उपलब्ध है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में उपलब्ध 37,987.39 टन भंडारण की तुलना में लगभग 31 प्रतिशत अधिक है। विभाग ने इस उपलब्धता को किसानों की मांग को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में खाद का अग्रिम भंडारण करना बताया है। उर्वरक वितरण की स्थिति भी पिछले वर्ष की तुलना में काफी बेहतर है। जिले में इस वर्ष अब तक 26,131.71 टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 16,687.60 टन वितरण हुआ था। अर्थात इस वर्ष वितरण में लगभग 56.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

### खाद की कमी का सवाल ही नहीं है

खरीफ सीजन के लिए में इस साल 68 हजार 950 टन उर्वरक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 49 हजार 772.30 टन (64.98 प्रतिशत) उर्वरक का भंडारण किया जा चुका है। पिछले वर्ष इसी अवधि में लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धता 43.61 प्रतिशत थी। इस प्रकार उपलब्धता एवं भंडारण की स्थिति में लगभग 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। ऐसे में खाद की कमी होने का सवाल ही नहीं उठता।

-पीडी हाथेश्वर
डीडीए बिलासपुर



अब डंगाल गड़ाकर छोड़ दिया

## बहते पानी को रोकने किया गया गड्ढा



**बिलासपुर।** महीने भर से टूटी पाइप लाइन से बह रहे पानी को रोकने की कवायद नगर निगम की रंग ला चुकी है, लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही का ठिकाना नहीं है। गड्ढा खोदने और पाटने के बाद अब सड़क पर डंगाल गड़ा दिया गया है। यह लोगों को खतरे से बचने के लिए लगाया गया है। दो दिन पहले ही हरिभूमि में सड़क पर बहते पानी की फोटो सहित खबर प्रकाशित की थी, इसके बाद नगर निगम की नींद खूली और महीने भर से बह रहे पानी को रोक दिया गया है, जाहिर है कि पाइप लाइन में सुधार किया गया है, लेकिन पाइप लाइन की खोदाई के लिए सड़क में गड्ढा कर दिया गया है, जिसे तत्काल पाट भी दिया गया है लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी है। ऐसे में हादसे का अंदेशा होने के चलते सड़क पर पेड़ की डंगाल गड़ा दी गई है लेकिन इससे आमजनों की आवाजाही के दौरान खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। व्यस्तम सड़क के कारण कार और अन्य भारी वाहनों के गड्ढें में फंसने की आशंका है। नगर निगम के अधिकारी सड़क की मरम्मत करना भूल चुके हैं।

सीपत उठाईगीरी का मामला

## विकलांग को हिस्से में मिली थी सवा दो किलो चांदी

**बिलासपुर।** पेंड्रा सराफा व्यापारी हत्याकांड में जेल में बंद मास्टर माइंड को सीपत सराफा व्यापारी से उठाईगीरी के मामले में सवा दो किलो चांदी के जेवर हिस्से में मिले थे, जिसे उसने डेढ़ लाख रुपए में बेच दिया था। पुलिस उसे रिमांड में लेने के बाद चोरी के जेवर खरीदने वाले को पकड़कर जेवर बरामद करेगी। पेंड्रा सराफा व्यापारी प्रदीप सोनी हत्याकांड का मास्टर माइंड सीपत बिटकुला निवासी खुशीराम साहू पेंड्रा जेल में बंद है। सूत्रों के मुताबिक पेंड्रा हत्याकांड के पहले उसने बिहार झारखंड से दो शूटरों को बुलाकर सीपत रमेश ज्वेलर्स के संचालक से 10 किलो चांदी व 100 ग्राम सोने के जेवर की उठाईगीरी की वारदात को अंजाम दिया था। हत्याकांड में जेल में बंद खुशीराम व मनीष उर्फ राहुल ने सीपत सराफा व्यापारी से उठाईगीरी करना स्वीकार कर लिया है। बताया जाता है उठाईगीरी की वारदात को अंजाम देने के बाद खुशीराम, मनीष उर्फ राहुल व एक अन्य ने जंगल में जाकर जेवर की बंटवारा किया था। विकलांग खुशीराम को हिस्से में सवा दो किलो चांदी के जेवर मिले थे। उसने उक्त चांदी के जेवर को पड़ोसी जिले के एक सराफा व्यापारी को डेढ़ लाख रुपए बेच दिया था। सीपत पुलिस उक्त मामले में दोनों आरोपियों को रिमांड में लेने की तैयारी में जुटी हुई है। रिमांड मिलने के बाद चोरी के जेवर खरीदने वाले सराफा व्यापारी को पकड़कर चांदी के जेवर बरामद किया जाएगा।

# कोटा हत्याकांड, पांच दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली



आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर एसएसपी को ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा हत्याकांड में नामजद चार संदेहियों के नाम पुलिस के पास आ गए हैं। उसके बाद भी पांच दिन में पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है। मंगलवार को कोटा से बड़ी संख्या में मृतक के परिजन व आम लोग एसपी आफिस पहुंचे। एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर विशेष जांच दल गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी कर फांसी की सजा दिलाने की मांग की है।

4 जून 2026 की रात कोटा पथर्रा निवासी निखिल गोस्वामी रोजाना की तरह जिम से वापस लौट रहा था। इस दौरान एक खाली मैदान में वह अपने दो दोस्तों के साथ बैठ गया, इसी दौरान घात लगाए बैठे चार लोग आए और निखिल की आंख में मिर्ची पावडर से डालकर मारपीट करने लगे। जिससे निखिल के दोनों दोस्त भाग गए। चारों ने निखिल के साथ के मारपीट कर भारी पत्थर से हमला कर नृशंस हत्या कर दी और फरार हो गए थे। जांच के बाद पुलिस के पास चारों आरोपियों की नाम आ गए हैं। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद चारों ग्राम बीजा में जाकर रिश्तेदार के घर में छिपे थे।

पुलिस ने उक्त रिश्तेदार से पूछताछ की तो उसने बताया, चारों लोग आए थे और रातभर रूककर सुबह चले गए। आलम यह है कि पिछले 5 दिन में पुलिस नामजद संदेहियों को नहीं पकड़ पाई है।

### विशेष जांच टीम गठन करने की मांग

हत्याकांड के बाद आरोपियों के नहीं पकड़े जाने से क्षेत्र के लोग आक्रोशित हैं। लोग मंगलवार को वृहद रूप से कोटा में चक्काजाम करने वाले थे। पुलिस की समझाइश पर आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम नहीं किया। मृतक के बड़े भाई लेख भारती गोस्वामी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग एसपी आफिस पहुंचे। लोगों ने एसएसपी रजनेश सिंह को ज्ञापन सौंप कर मामले की कमान विशेष टीम एसआईटी को सौंपने, आरोपियों की गिरफ्तारी कर फांसी की सजा दिलाने की मांग की।

### मुख्य आरोपी आदतन बदमाश

खबर है कि हत्याकांड का मुख्य आरोपी ग्राम भुण्डा का रहने वाला है। उसने ही अपने अन्य तीन साथियों के साथ वारदात को अंजाम दिया है। वह क्षेत्र का आदतन बदमाश है और कई मामलों में उसका चालान हो चुका है। मारपीट के दौरान मृतक मुख्य आरोपी का नाम ले रहा था। वहीं मृतक के दोनों दोस्तों ने मुख्य आरोपी को पहचान लिया था।

## जनदर्शन में लोगों ने की फरियाद

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने उनसे मिलकर निजी एवं सामुदायिक शिकायत संबंधी आवेदन दिया।

उन्होंने अधिकांश मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज ग्राम पंचायत सेंवार के सरपंच दिलहरण लाल रजक ने ज्ञापन सौंपकर नगपुरा से झाला तक सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि यह मार्ग नगपुरा, धमनी, कड़ार, सेंवार, कया, बुंदेला जैसे गांवों को जोड़ता है तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण, मजदूर और छात्र प्रतिदिन इसका उपयोग करते हैं। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण आवागमन में भारी परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्राम बरतोरी की देवकी मानिकपुरी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास के अपूर्ण कार्य को पूरा कराने की अनुमति देने की मांग की है। मस्तूरी तहसील के दर्राभाठा निवासी रामसरोज ने मनरेगा के तहत किए गए 32 दिनों के कार्य का भुगतान दिलाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि गड्ढा खुदाई सहित विभिन्न कार्यों में मजदूरी करने के बावजूद आज तक उन्हें भुगतान नहीं मिला है।






## सरईपतेरा व अखरार में अपूर्ण कार्य पर विभागीय अफसरों को लगाई फटकार

# जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों पर कलेक्टर नाराज, ठेकेदार को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी




**खबर का असर**

ग्राम सरईपतेरा एवं अखरार में निर्माणाधीन पानी टंकी एवं पाइप लाइन विस्तार के अधूरे कार्य पर कलेक्टर ने विभागीय अफसरों को जमकर फटकार लगाई और ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। उन्होंने कार्यपालन अभियन्ता से बैठक में वास्तविक स्थिति की जानकारी ली और गांवों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति पर जोर दिया।

बता दें कि हरिभूमि ने ग्राम सरईपतेरा एवं अखरार में जल जीवन मिशन के सुस्त निर्माण कार्यों को लेकर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित की थी। इस पर कलेक्टर ने मामले को संज्ञान में लेकर विभाग को बैठक कड़े निर्देश दिए। कलेक्टर को कार्यपालन अभियंता कमल कंवर ने बताया कि ग्राम सरईपतेरा में जल जीवन मिशन के तहत टंकी एवं पाइप लाइन का निर्माण वर्ष 2023 में पूर्ण कर लिया गया था। अधिकांश घरों में नियमित जलापूर्ति की जा रही थी, लेकिन सड़क एवं सीसी रोड निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त हुई पाइप लाइनों के कारण जलापूर्ति प्रभावित हुई थी, जिसे प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जा रहा है। टंकी की मरम्मत, रिसाव नियंत्रण तथा पाइपलाइन रिपेयरिंग का कार्य अंतिम चरण में है और शीघ्र ही योजना पूर्ण क्षमता के साथ संचालित होगी। इसी तरह ग्राम अखरार में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों के आधार पर पेयजल व्यवस्था संचालित की जा रही है। विभाग द्वारा बंद पड़ी पाइप लाइनों एवं घरेलू नल कनेक्शनों को पुनः शुरू किया जा रहा है। साथ ही योजना के सुचारू संचालन के लिए संबंधित एजेंसी को आवश्यक निर्देश जारी दिए गए हैं। दोनों ग्रामों में हैण्डपम्पों एवं 1 पावर पम्पों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन की योजनाओं को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। विभाग ने बताया कि ग्राम सरईपतेरा के 11 हैण्डपम्पों एवं 4 पावर पम्पों तथा अखरार में 18 हैण्डपम्पों एवं 1 पावर पम्पों के माध्यम से निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है। कार्यपालन अभियंता कमल कंवर ने बताया कि दोनों ग्रामों के संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है। कार्य पूर्ण कराने विभाग लगा है।

## आमजन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन का उद्देश्य

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में वर्षाकाल पूर्व तैयारियों, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशासन का उद्देश्य योजनाओं के संचालन के साथ ही आमजन तक उनका प्रभावी लाभ पहुंचाना है।




बैठक में कलेक्टर ने गांव-शहर चलो अभियान की पहल करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को आगामी 15 दिनों तक क्षेत्र भ्रमण कर जमीनी स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के बाद यह अभियान प्रशासन और जनता के बीच सतत संवाद एवं प्रभावी संपर्क का मजबूत माध्यम बनेगा। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि यह गांव, गरीब और आमजन की समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण मंच है। हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर आवश्यक प्रशिक्षण आयोजित नहीं करने पर सभी एसडीएम को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत नहीं करने पर लोरमी जनपद पंचायत तथा पर्याप्त जानकारी नहीं होने पर जिला शिक्षा अधिकारी को भी नोटिस जारी करने निर्देशित किया। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को एक सप्ताह तक विशेष प्रशिक्षण देकर सीएम हेल्पलाइन के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य और स्वच्छता व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए पंचायतों एवं नगरीय निकायों में नालियों की सफाई, जलभराव रोकने तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सभी जलाशयों एवं पानी टंकियों की सफाई, क्लोरीनेशन तथा सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एटीआर क्षेत्र में झिरिया जल स्रोतों का स्थायी संरक्षण एवं विकास करने पर विशेष जोर दिया गया।



## बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के लिए टीम रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

17वीं राज्य सबजूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन भिलाई, जिला दुर्ग में 10 से 12 जून तक किया जाएगा।

चैंपियनशिप में मुंगेली जिला बालक टीम 33 किलोग्राम वर्ग में आशीष सिंह, 37 किलोग्राम में मयंक लहरे, 43 किलोग्राम संतदास बंजारा, 49 किलोग्राम में युवराज, 52 किलोग्राम में जलेश्वर महिलांगे का चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में किया जा रहा है जिसमें प्रदेशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल होंगे। टीम बिलासपुर रेलवे स्टेशन से भिलाई के लिए रवाना हुई। दल के प्रशिक्षक मुकेश सिंह राठौर व दल प्रबंधक सुधीर राजपूत हैं।

## फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के सीनियर खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ 200 से अधिक सीनियर -जूनियर खिलाड़ियों को दिया गया प्रशिक्षण

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के सीनियर खिलाड़ियों ने मंगलवार को राजारघुराज सिंह स्टेडियम में जहां प्रशिक्षण प्राप्त किया, वहीं 30- 30 ओवर के मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन भी किया। इसके पहले सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों को राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में सुबह और शाम की पाली में वरिष्ठ कोच के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

आज 200 से अधिक खिलाड़ियों को यहां क्षेत्ररक्षण, बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी का अत्याधुनिक तकनीक से प्रशिक्षण दिया गया। खिलाड़ियों को फिटनेस की जानकारी भी दी गई। दोपहर को सीनियर खिलाड़ियों के बीच मैच खेला गया। एफसीए ए 2.1 तथा एफसीए बी 2.0 की टीम के बीच राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में आज 30-30 ओवर का मैच खेला गया। जिसमें एफसीए बी 2-0 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 34 रन से मैच जीत लिया। सीनियर खिलाड़ियों के बीच हुए मैच में एफसीए ए के खिलाड़ियों ने सिर्फ 170 रन बनाएं जबकि एफसीए बी के खिलाड़ियों ने 204 रन बनाएं। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार इस मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सृष्टि शर्मा को दिया गया जिन्होंने अपने टीम के लिए 50 रन भी बनाएं और पांच विकेट भी लिए। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के द्वारा आज सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों को राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

आदित्य कौशिक वरिष्ठ कोच के द्वारा स्टेडियम में बच्चों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसके पहले भी समर कैंप के खिलाड़ियों को इस अंतरराष्ट्रीय खेल मैदान में प्रशिक्षण दिया गया है। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी आज राष्ट्रीय स्तर पर शहर एवं फाउंडेशन का नाम रोशन कर रहे हैं। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में पिछले 10 सालों से शहर के नवोदय बच्चों को क्रिकेट के गुण सिखाए जा रहें हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैंप में बालक एवं बालिका विभिन्न आयु वर्ग में यहां क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जाता है। और राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर बड़े खेल मैदान में क्रिकेट खेलने की तकनीक भी बताई जा रही है।

## बैठक में हुई एड्स व एसटीडी नियंत्रण पर चर्चा



**मुंगेली।** जिले में राष्ट्रीय एड्स एवं एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय मासिक समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने की। बैठक में जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुदेश कुमार रात्रे सहित जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कार्यक्रम प्रबंधक, परामर्शदाता, लैब तकनीशियन एवं विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय एड्स एवं एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित 95-95-95 लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई। जिला एड्स नोडल अधिकारी ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एचआईवी संक्रमण की रोकथाम, समय पर जांच, उपचार एवं फॉलोअप की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने जिले में एचआईवी एवं यौन संचारित रोगों की रोकथाम के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने तथा जांच सुविधाओं का अधिकतम लाभ लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उपचार से संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। बैठक में एचआईवी संक्रमित सभी मरीजों को एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) से जोड़ने तथा उपचार से छूटे मरीजों की पुनः पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के निर्देश दिए गए। साथ ही टीबी एवं एचआईवी की संयुक्त जांच को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।




## केशर का राष्ट्रीय एकता शिविर में चयन

मल्हार। बद्री प्रसाद देवांगन मध्यनगरीय उच्च माध्य विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र राष्ट्रीय सेवा योजना के सक्रिय वालेंटियर केशर कैवर्त का राष्ट्रीय एकता शिविर हिसार हरियाणा के लिए चयन हुआ है। कक्षा में मेघावी और सेवा कार्य में अग्रणी केशर अपनी पहचान के साथ साथ छत्तीसगढ़ की पहचान और संस्कृति के माध्यम से अपनी कार्य कुशलता का परिचय देंगे। अटल बिहारी वाजपेई विश्व विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई बद्री प्रसाद देवांगन मध्यंगरीय उच्च माध्य विद्यालय मल्हार से केशर का चयन उन सभी चयनित दस छात्रों में है जिसमें शिल्पा राव, श्रद्धा पटेल, प्रज्ञा पहरी, जानवी, कुमकुम सोनी, शिवम देवांगन, गोविंद, शास्वत और कार्यक्रम अधिकारी के रूप में उपेश कुमार शामिल हैं। शाला परिवार व एनएसएस के जिला समन्वय डॉ मनोज सिंहा, जिला संगठक डॉ कांति अंचल के मार्गदर्शन में केशर शिविर में भाग लेंगे। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार वैष्णव सहित सभी शिक्षकों ने उनकी बेहतर प्रदर्शन की कामना की है।

## खिलाड़ियों का दल लखनऊ रवाना



पेंड्रा। स्थानीय रेलवे स्टेशन से बच्चों और किशोर खिलाड़ियों का एक दल क्रिकेट खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए लखनऊ रवाना हुआ। रवाना होने से पहले खिलाड़ियों ने रेलवे स्टेशन पर सामूहिक फोटो खिंचवाकर अपने उत्साह का प्रदर्शन किया।दल के साथ प्रशिक्षक विराज एवं अभिभावक भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन को लेकर खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखा गया। जीवीसीएस क्रिकेट अकादमी के इन अंडर 14 बच्चों का चार दिवसीय का मैच लखनऊ की अंडर 14 टीम से होगा। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता में जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने की कामना की। खिलाड़ियों ने विश्वास जताया कि वे प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और अच्छे परिणाम के साथ लौटेंगे।

## भरुहागुड़ा में सीसीरोड निर्माण का भूमिपूजन



**मुंगेली।** ग्राम पंचायत भरुहागुड़ा में जनपद सदस्य तरुण पाटले के द्वारा सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच संग्राम गर्ग, उप सरपंच धनु बंजारा, अश्वनी चंद्राकर, चंद्रभान पाटले, ईश्वर कोसले, बल्लू, पंच बिहारी कोसले सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अग्रवाल महिलाओं ने की छांछ, शरबत सेवा

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय महिला सम्मेलन बिलासपुर द्वारा आयोजित पेयजल, शरबत सेवा कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में सेवा, समर्पण एवं एकता का अदभूत संगम देखने को मिला।





कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल के नेतृत्व में श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में भगवान हनुमान का भोग लगाकर किया गया। इसके बाद 100 लीटर से अधिक मसाला छाछ का वितरण, 2 सौ आलू चाप, 70 समोसा, 8 किलो जलेबी वितरित की गई। ठंडाई में फ्रूटी, शरबत, नींबू पानी पिलाकर राहगिरों को गर्मी से राहत दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ प्रदेश व बिलासपुर जिला अध्यक्ष उषा सुल्तानिया, सचिव ज्योति सुल्तानिया, उषा अग्रवाल, अनिता, रजनी, सुनीता, प्रियंका अग्रवाल, शारदा बिंदल, संगीता रेणु, सुमन अग्रवाल सहित अन्य सभी कार्यकारिणी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। सभी ने अपने-अपने स्तर पर सामग्री, श्रम एवं आर्थिक सहयोग देकर सेवा कार्य को सफल बनाया।

## बिरसा मुंडा का जीवन देता है संघर्ष की प्रेरणा: यादव

**लोरमी।** जनजातीय समाज के महानायक एवं स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी योद्धा बिरसा मुंडा को याद करते हुए विष्णु कांति महाविद्यालय की प्राचार्य , भारत उत्थान न्यास की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अलका यादव ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा का जीवन आज भी देशवासियों को संघर्ष, स्वाभिमान और सामाजिक न्याय की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी शासन, शोषण और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाकर आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। डॉ. यादव ने बताया कि बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए व्यापक जनआंदोलन का नेतृत्व किया।



बिरसा मुंडा केवल एक क्रांतिकारी योद्धा ही नहीं थे, बल्कि समाज सुधारक और जनजागरण के प्रेरणास्रोत भी थे। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने समाज को शिक्षा, एकता और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि किसी भी प्रकार के अन्याय और शोषण के विरुद्ध संगठित होकर संघर्ष करना चाहिए। आज के समय में उनके विचार सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। डॉ. यादव ने कहा कि देश के युवाओं को बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि धरती आबा का योगदान भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा।

## सीएमडी कॉलेज में पं. द्वारिका प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई गई

**बिलासपुर।** सीएमडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय पंडित द्वारिका प्रसाद दुबे की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे, अमन दुबे शासी निकाय सदस्य डॉ अंजलि चतुर्वेदी प्राचार्य शिक्षा, प्राचार्य डॉ संजय सिंह, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय पं. द्वारिका प्रसाद दुबे के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित जनों ने उनके शिक्षा, समाजसेवा एवं राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने कहा कि स्वर्गीय पं. द्वारिका प्रसाद दुबे एक दूरदर्शी शिक्षाविद् थे, जिन्होंने वर्ष 1956 में सी.एम. दुबे महाविद्यालय की स्थापना कर क्षेत्र में उच्च शिक्षा के नए द्वार खोले। उन्होंने शिक्षा को केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज निर्माण का सशक्त आधार माना। उनके आदर्श, मूल्य एवं शिक्षा के प्रति समर्पण आज भी महाविद्यालय परिवार को प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं। प्राचार्य डॉ संजय सिंह ने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय पं. द्वारिका प्रसाद दुबे द्वारा स्थापित यह शिक्षण संस्थान आज भी हजारों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कार एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा प्रदान कर रहा है।



### जनदर्शन में सुनी गई नागरिकों की समस्याएं

## 190 से अधिक लोगों ने दिए आवास, शौचालय, पेंशन से संबंधित आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जनदर्शन में अपर कलेक्टर जीएल यादव ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनी। संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में 190 से अधिक नागरिकों ने आवास, शौचालय, पेंशन, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, विद्युत व्यवस्था तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ी समस्याओं और मांगों के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। प्रशासन द्वारा प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।




जनदर्शन में ग्राम खैरवार के राकेश यादव ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण, ग्राम दुल्हिन बाय की उत्तरा बघेल ने स्थायी जाति प्रमाण पत्र, ग्राम झोंका के राकेश नवरंग ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का लाभ, ग्राम लीलापुर के भरत लाल साहू ने मनरेगा जॉब कार्ड, पूजा साहू ने राशन कार्ड, ग्राम खम्हरिया की दिव्यांग शैला राय ने निःशुल्क ट्राईसाइकिल, जगदीश प्रसाद ने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा धीरपाल ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं ग्राम लमती के खोरबहरा ने निःशुल्क व्हीलचेयर उपलब्ध कराने की मांग रखी। अपर कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का शीघ्र परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार लाभ उपलब्ध कराया जाए। जनदर्शन के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मातृभाषा छत्तीसगढ़ी में शिक्षा अनिवार्य करने सामाजिक जागरण का निर्णय

**बिलासपुर।** मातृ भाषा में शिक्षा की मांग को लेकर जारी अभियान को गति देने सरकंडा में एक बैठक हुई। इसमें मातृभाषा छत्तीसगढ़ी में शिक्षा को अनिवार्य करने के लिए सामाजिक जागरण के साथ ही कानूनी कोशिश करने का निर्णय लिया गया। साहित्यकारों, प्रबुद्धजनों की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक को संघ के पूर्व प्रचारक और मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी के संरक्षक नंदकिशोर शुक्ल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य बनने के 25 वर्ष बाद भी मातृभाषा छत्तीसगढ़ी के प्रति सरकार और समाज उदासीन है। कानूनी तौर पर नवा शिक्षा नीति-2020 के तहत मातृभाषा में शिक्षा को अनिवार्य किया गया उसका भी पालन नहीं हो रहा है।

## कांग्रेस प्रवक्ता पद के लिए ओमप्रकाश वीरेंद्र के नामों की अनुशंसा

**पेंड्रा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजमती भानु ने जिला प्रवक्ता पद के लिए दो वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के नाम प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र प्रेषित कर नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गई है।




जारी पत्र के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी के संगठनात्मक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने तथा पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और गतिविधियों को मीडिया एवं आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रवक्ता पद के लिए ओमप्रकाश अग्रवाल बंका एवं विरेंद्र बघेल के नाम प्रस्तावित किए गए हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजमती भानु ने प्रदेश नेतृत्व से अनुरोध किया है कि उक्त नामों पर विचार कर शीघ्र नियुक्ति की जाए। पत्र पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन एवं प्रशासन) मलकीत सिंह गैंदू की अनुमोदन संबंधी टिप्पणी एवं हस्ताक्षर भी दर्ज हैं। राजनीतिक हलकों में इस अनुशंसा को संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व द्वारा जिला प्रवक्ता पद पर अंतिम निर्णय लिए जाने की प्रतीक्षा है।